www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

10 मार्च 2026
हरदा, मंगलवार
वर्ष-15, अंक - 271, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
चैत्र कृष्ण पक्ष - 7
विक्रम संवत् 2082

एचपीवी वैक्सीन का एक टीका बेटियों को बचाएगा सर्वाइकल कैंसर से : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## स्वस्थ नारी ही सशक्त समाज की आधारशिला

- बहनों से सुरक्षा की गारंटी वाले टीके का लाभ लेने का किया आहवान
- मुख्यमंत्री ने जबलपुर को दी 37 करोड़ लागत के विकास कार्यों की सौगात
- राज्य सरकार लाड़ली बहनों और लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के साथ महिलाओं को बना रही है सशक्त
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी नवरात्रि पर्व एवं गुड़ी पड़वा की दीं मंगलकामनाएं






**अनोखा तीर, भोपाल/जबलपुर ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है। मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है। इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को 4 हजार रुपए मूल्य का यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंर्फोमेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जबलपुर के चौराहों पर सोलर ट्रैफिक सिग्नल की स्थापना के कार्यों का रिमोट से लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आहवान किया कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीका लगवा चुकी बेटियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। साथ ही जबलपुर में 37 करोड़ रूपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहनों से लेकर लाड़ली लक्ष्मी बेटियों तक निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। लाड़ली बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार योजना की राशि को निरंतर बढ़ा रही है।

- **नेत्र दिव्यांग बालिकाओं का किया सम्मान**– कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एचपीवी टीकाकरण पूर्ण कर चुकी बालिकाओं जिया सेन और अंशी विश्वकर्मा को प्रतीकात्मक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने नेत्रहीन कन्या विद्यालय जबलपुर की बालिकाओं से भेंट कर उनका सम्मान भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लखपति दीदी आरती चौधरी और सीता गोंड को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। पूर्व मंत्री श्री अजय बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश का नेतृत्व करते हुए हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं शुरू कर रहे हैं।
- **मुख्यमंत्री ने जबलपुर को दी 37 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात**– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में 10.51 करोड़ लागत से आधुनिक जनपद भवन का भूमि-पूजन और 27.16 करोड़ लागत से नवनिर्मित गीता भवन सहित 3 अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र और सोलर ट्रैफिक सिस्टम शामिल हैं।

जबलपुर में भाजपा का प्रशिक्षण महाभियान

## मुख्यमंत्री बोले-प्रशिक्षण का क्रम जारी रखने के कारण ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी

**अनोखा तीर, जबलपुर ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान (2026) के तहत भाजपा के संभागीय कार्यालय जबलपुर में बड़ी बैठक हो रही है। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंत्री, विधायक और कार्यकर्ता शामिल हो रहे थे। यहां कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता, सांगठनिक कौशल और नेतृत्व क्षमता में सक्षम बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के दौरान वैचारिक सत्र, योग और विभिन्न संगठनात्मक चर्चाएं आयोजित की जाती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रशिक्षण का क्रम जारी रखने के कारण ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। इसीलिए हमारी सरकार जनहितैषी कार्य में अपने संगठन की ताकत लगाती है। संगठन की मजबूती के लिए, कार्यकर्ताओं को आधार बनाने और सक्रियता



के लिए प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता होती है।

मुझे प्रसन्नता है कि जब से हेमंत खंडेलवाल अध्यक्ष बने हैं, वे ऐसे कार्यों को गति देते जा रहे हैं। हम सरकार के मुखिया भले ही हैं, लेकिन एक कार्यकर्ता होने के भाव से हमारे सांसद, विधायक और मंत्री दोनों दायित्वों का बराबरी से निभा रहे हैं। आज जबलपुर, रीवा, शहडोल सहित चार संभाग का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जा रहा है। रीवा से आए डिप्टी सीएम प्रशिक्षण अभियान में शामिल होने के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा से जबलपुर आ गए थे। शुक्ल ने कहा कि बीजेपी अपने उद्देश्यों को लेकर राजनीति के क्षेत्र में एक मिशन की तरह काम कर रहा है, उस मिशन को पूरा करने के लिए लगातार इस प्रकार के प्रशिक्षण और ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यकर्ता अपने विचारों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन ठीक प्रकार से कर सकें, इसके लिए इस तरह के कार्यक्रम होते हैं और इससे हम सबको बहुत फायदा होता है। जुडा की हड़ताल पर शुक्ल ने कहा कि जल्द उनकी समस्याओं का निकाकरण किया जाएगा।

### नरसिंहपुर से पहुंचे मंत्री उदय प्रताप

प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी नरसिंहपुर जिले के ग्राम लोलरी से कार द्वारा जबलपुर पहुंच गए हैं। परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री यहां रानीताल स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित संभागीय कार्यशाला में शामिल हो रहे हैं और शाम 5 बजे कार द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे। प्रदेश की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह भी प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए जबलपुर पहुंच गई हैं। वे शाम 4.30 बजे कार द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगी।

## मप्र में पिछले साल से ज्यादा तप रहा मार्च

### पहले ही हफ्ते में सामान्य से 3 डिग्री बढ़ा पारा; इंदौर-उज्जैन संभाग सबसे गर्म

**अनोखा तीर, भोपाल ।** मध्य प्रदेश में इस बार मार्च की शुरुआत में ही 'लू' जैसी तपन है। पहले ही हफ्ते में पारा सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के शहरों में टेम्प्रेचर 39 डिग्री तक पहुंच गया है। रविवार को रंगपंचमी पर रतलाम में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ी। इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में भी तेज धूप निकली।



सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक है। अगले 4 से 5 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। 9 मार्च से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है।

### रतलाम में 39 डिग्री, उज्जैन-ग्वालियर में 36 के पार

प्रदेश के सभी शहरों में तेज गर्मी रही। 5 बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन में तापमान सबसे ज्यादा 36.7 डिग्री रहा। ग्वालियर में 36.5 डिग्री, इंदौर में 35.8 डिग्री, भोपाल में 34.8 डिग्री और जबलपुर में 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रतलाम में पारा 39 डिग्री, नर्मदापुरम में 38.1 डिग्री, गुना-सागर में 37.4 डिग्री और श्योपुर में 37 डिग्री पहुंच गया। बाकी शहरों में भी तापमान 32 डिग्री से ज्यादा ही दर्ज किया गया।

## मेडिकल कॉलेजों में हड़ताल पर 8 हजार डॉक्टर

### ना ओपीडी में मरीजों का इलाज और ना ही कोई सामान्य ऑपरेशन करेंगे

**अनोखा तीर, भोपाल ।**



लंबित स्टाइपेंड संशोधन को लेकर जूनियर डॉक्टरों की सोमवार सुबह 9 बजे से हड़ताल हैं। इस कारण गांधी मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विभाग में पीपीटीसीटी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर, फर्टिलिटी क्लिनिक, एएनसी रूम सुमित अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। सीनियर डॉक्टर के साथ जूनियर डॉक्टर यहां की रिस्पांसिबिलिटी संभालते हैं।

जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर होने के कारण मरीज को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। वह सुबह से अपनी बारी के इंतजार में बैठे हैं। मरीज अनवर ने बताया कि वह सुबह से काफी परेशान हैं। पैरों में दर्द है और अन्य बीमारियों के कारण सुबह से इलाज के लिए भटक रहे हैं। वे आगे बोल पाते तब तक गार्ड ने रोक दिया। उधर, जूडा ने साफ कर दिया है कि उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से मुलाकात के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। जूडा जबलपुर के प्रेसिडेंट डॉ. शुभम शर्मा आज दोपहर मंत्री शुक्ल से मिलेंगे।

**अप्रैल 2025 से मिलना था नया स्टाइपेंड, अब तक पेंडिंग**– जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) के अनुसार, सीपीआई आधारित स्टाइपेंड संशोधन शासन के आदेश के अनुसार एक अप्रैल 2025 से लागू होना था। यह अब तक लागू नहीं किया है। कई बार निवेदन के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। इससे डॉक्टरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

- **लंबित स्टाइपेंड संशोधन को लेकर हड़ताल**– मध्य प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत रेजिडेंट डॉक्टर लंबित स्टाइपेंड संशोधन को लेकर अपना विरोध जता रहे हैं। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं तब तक वे ओपीडी में सेवाएं नहीं देंगे। जेडीए ने यह भी साफ किया कि ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में भी सिर्फ अति गंभीर मरीज होने पर ही सेवा देंगे। यानी प्रदेशभर के मेडिकल कॉलेजों में हर्निया, रॉड इंप्लांट जैसे सामान्य ऑपरेशन टल सकते हैं। इसका सीधा असर इन बीमारियों से पीड़ित मरीजों पर पड़ेगा।

## सतना की पुरवा नहर में दो नाबालिग डूबे

**सतना (एजेंसी)।** सतना जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के ग्राम चोरमारी स्थित पुरवा नहर में रविवार दोपहर करीब 2 बजे नहाते समय दो नाबालिग डूब गए। 15 वर्षीय आर्यन और 13 वर्षीय आयुष क्रिकेट खेलने के बाद नहाने उतरे थे और गहरे पानी में चले गए। घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सोमवार देर शाम तक दोनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है और एसडीआरएफ व पुलिस का रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है।

जानकारी के अनुसार, चोरमारी निवासी संजीव मिश्रा का बेटा आर्यन (15) और सूर्यवली विश्वकर्मा का बेटा आयुष (13) रविवार को नहर किनारे मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। खेल खत्म होने के बाद दोनों नहाने के लिए नहर में उतरे थे। नहाते समय दोनों अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनके साथ मौजूद अन्य दोस्तों ने जब उन्हें डूबते हुए देखा, तो उन्होंने तुरंत गांव जाकर परिजनों और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी।

## 4 साल पहले लव-मैरिज, फिर प्रेमी से पति को मरवा डाला

- छत के रास्ते घर में घुसे बॉयफ्रेंड ने हसबैंड को मारी गोली; चैटिंग से खुला राज



**मुरैना (एजेंसी)।** चार साल पहले जिस युवती से लव मैरिज कर लवकुश माहौर ने अपना घर बसाया था, उसी ने अपने दूसरे प्रेमी के लिए उसकी हत्या करवा दी। मुरैना जिले के सिहोनिया में हुए इस ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने चार दिन बाद खुलासा कर दिया है।

सिहोनिया पुलिस ने मामले में मृतक की पत्नी खुशी माहौर और उसके पड़ोसी प्रेमी विक्रम परमार को गिरफ्तार कर हत्या का केस दर्ज किया है। वारदात में इस्तेमाल किया गया कट्टा भी बरामद कर दोनों को जेल भेज दिया गया है।

जांच में सामने आया कि लवकुश की पत्नी खुशी माहौर का अपने ही मोहल्ले में रहने वाले युवक विक्रम परमार से अफेयर हो गया था। दोनों साथ रहना चाहते थे, लेकिन लवकुश उनके रिश्ते के बीच आ रहा था। इसी वजह से दोनों ने मिलकर उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। 3 मार्च की रात जब लवकुश अपने घर में सो रहा था, तभी विक्रम छत के रास्ते घर में घुसा और सोते हुए उसे कट्टे से गोली मार दी। इसके बाद वारदात को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश भी की गई। मृतक की बहन द्वारा आरोपी को भागते देखने और मोबाइल चैट सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर साजिश का पर्दाफाश हुआ और पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**सूरत की हीरा फैक्ट्री में काम करता था लवकुश**– शादी के बाद लवकुश माहौर रोजगार की तलाश में गुजरात के सूरत चला गया। वहां वह हीरा बनाने की एक फैक्ट्री में मजदूरी करने लगा। काम के कारण वह ज्यादातर समय सूरत में ही रहता था और बीच-बीच में अपने गांव सिहोनिया आता था। कभी-कभी उसकी पत्नी खुशी भी सूरत अपने पति के पास चली जाती थी। इसी दौरान पति की गैरमौजूदगी में खुशी का संपर्क पड़ोस में रहने वाले युवक विक्रम परमार से हो गया। पहले दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत शुरू हुई।

## मादा चीता ज्वाला ने 5 शावकों को जन्म दिया

### कूनो नेशनल पार्क में बढ़ा कुनबा; अब भारत में कुल 53 चीते

**श्योपुर (एजेंसी)।**

मध्य प्रदेश में श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से खुशखबरी आई है। नामीबियाई मादा चीता 'ज्वाला' ने 9 मार्च को 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही अब भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 53 हो गई है। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस जानकारी को साझा करते हुए इसे 'प्रोजेक्ट चीता' और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने लिखा- कूनो में आने के बाद ज्वाला ने यहां के वातावरण को पूरी तरह अपना लिया है और वह पार्क की सबसे सफल मादा चीताओं में शुमार हो गई है।

**तीसरी बार मां बनी नामीबियाई ज्वाला**– ज्वाला (पूर्व नाम सियाया) उन आठ चीतों में शामिल थी, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में कूनो में छोड़ा था। यह ज्वाला का तीसरा प्रसव है। इससे पहले उसने मार्च 2023 में पहली बार 4 शावकों को जन्म दिया था, जिनमें से केवल एक- मुखी ही जीवित बचा था। जनवरी 2024 में 3 शावकों को जन्म देने के बाद अब 9 मार्च 2026 को तीसरी बार 5 शावकों को जन्म दिया है।



### वन विभाग कर रहा कड़ी निगरानी

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ज्वाला और उसके पांचों नवजात शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। विशेषज्ञों की टीम सीसीटीवी और मैदानी निगरानी के जरिए शावकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर नजर रख रही है।

### कूनो में चीतों का अर्धशतक


केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा- प्रोजेक्ट चीता के लिए गर्व का क्षण है कि नामीबियाई चीता और तीसरी बार मां बनी ज्वाला ने आज कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है, जो भारतीय धरती पर चीता के 10वें सफल शावक समूह (लिटर) का महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक और अहम उपलब्धि है। यह सफलता उन पशु चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ और सभी संबंधित लोगों के समर्पण, कौशल और निरंतर मेहनत का परिणाम है, जो इस अभियान को धरातल पर सफल बनाने में जुटे हैं। इन नए शावकों के आगमन के साथ भारत में कुल चीतों की संख्या अब 53 हो गई है। वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक और हृदयस्पर्शी क्षण है। कामना है कि ज्वाला और उसके शावक स्वस्थ रहें और भारत की चीता कहानी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

## नर्स ने पति को ब्लेड से मारा, सीने पर बैठी...

### भोपाल में अटैक के बाद शराब पी, सिगरेट फूंकते दिखी; सीहोर से आई थी मिलने

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

भोपाल के होटल में नर्स पत्नी ने अपने अर्ध नग्न पति को जमकर पीटा। ब्लेड और डंडे से हमला किया। थप्पड़ भी



बरसाए। हमले में पति के सिर, पेट और हाथ में गंभीर चोट लगी है। पीटने का वीडियो भी सामने आया है। मामला पिपलानी थाना क्षेत्र के आनंद नगर का है।

जानकारी के मुताबिक घायल पति का नाम राजकुमार (बदला हुआ नाम) है। वहीं नर्स पत्नी का निलिमा (बदला हुआ नाम) है। नीलिमा ने कांच का गिलास फेंककर पति का सिर फोड़ दिया।

### मल्टीनेशनल कंपनी में काम करता है पति

घायल पति राजकुमार ने बताया कि वह पुणे की एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, जबकि निलिमा शाजापुर की निवासी है। सरकारी अस्पताल में नर्स है। दोनों की शादी आर्य समाज मंदिर में हुई थी।

**खाना खाने को लेकर शुरू हुआ विवाद**– शनिवार शाम को होटल पहुंचे। निलिमा ने पहले ही खाना ऑर्डर कर रखा था। पति राजकुमार से खाना खाने के लिए कहा, लेकिन राजकुमार ने कहा कि वह घर से खाना खाकर आया है, इसलिए खाना नहीं खाएगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। राजकुमार के अनुसार, यह झगड़ा पूरी रात चलता रहा। निलिमा ने रात को शराब भी पी। सुबह करीब छह बजे राजकुमार की नींद लग गई। लगभग एक घंटे बाद जब उसकी नींद खुली, तो देखा कि निलिमा उसके सीने पर बैठी हुई थी। हाथ में ब्लेड था। राजकुमार ने घबराकर उठने की कोशिश की, तभी निलिमा ने उनके दाएं हाथ पर ब्लेड से वार किया।

## सार-समाचार

### कक्षा छठवीं-सातवीं की वार्षिक परीक्षा शुरु



**अनोखा तीर, करताना।** सांदीपनि विद्यालय में सोमवार को कक्षा छठवीं और सातवीं की वार्षिक परीक्षा की शुरुआत हुई। सोमवार को दोनों कक्षाओं का हिन्दी विषय का पेपर संपन्न हुआ। छठवीं और सातवीं के विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे। प्रधान पाठक संजय अग्रवाल, दुर्गेश मंडराई और कोमल यादव द्वारा कक्ष में परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों का निरीक्षण किया गया।

### पुलिस ने की चेकिंग, ओवरलोड भूसा वाहनों पर कार्रवाई

**अनोखा तीर, करताना।** हरदा-छिपानेर मार्ग पर सोमवार को पुलिस चौकी के सामने वाहन चेकिंग की गई। चौकी प्रभारी प्रकाश सोलंकी ने बताया कि इस दौरान भूसा से भरे ओवरलोड वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई और



वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि अधिक मात्रा में वाहन में भूसा भरकर परिवहन न करें। ओवरलोड भूसा भरा होने से आगे-पीछे के वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसलिए ओवरलोड वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए चालानी कार्रवाई की गई।

### मां की स्मृति में पुत्री ने दिए 21 हजार, ट्यूबवेल के लिए किया सहयोग

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम में रहने वाले स्वर्गीय गया प्रसाद बासया की धर्मपत्नी स्वर्गीय राम बाई बासया की स्मृति में उनकी पुत्री उमा बाई, पति दिनेश डईं द्वारा 21 हजार रुपए की राशि दान स्वरूप प्रदान की गई। यह



राशि कान्हा बाबा समाधि पर स्थित जमीन, जो बहरागांव गांव हल्के में आती है, वहां सिंचाई के लिए ट्यूबवेल करवाने हेतु दी गई है। परिवार द्वारा किए गए इस पुण्य कार्य की सामाजिक बंधुओं ने सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी ने दिवंगत राम बाई बासया की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि इस प्रकार के सेवा और सहयोग के कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक होते हैं।

### स्व. रामावतार भाटी की स्मृति में होगा माली समाज का 52वां सामूहिक विवाह सम्मेलन

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम के रामजानकी मंदिर मालीपुरा में सोमवार को क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले 52वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में स्वर्गीय रामावतार भाटी के सुपुत्र हरिशंकर, महेश और दिनेश भाटी ने समाजजनों



को बताया कि वे अपने पिता की स्मृति में इस वर्ष का सामूहिक विवाह सम्मेलन पूर्ण रूप से निशुल्क आयोजित करना चाहते हैं। सम्मेलन में आने वाले सभी खर्चों का वहन तीनों भाई स्वयं करेंगे, जिससे समाज के जरूरतमंद परिवारों को राहत मिल सके। बैठक में विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन भी किया गया। इसमें अध्यक्ष प्रह्लाद सोलंकी सोडलपुर, उपाध्यक्ष विनोद भाटी हरदा, सचिव अरुण सोलंकी सोडलपुर, कोषाध्यक्ष नरेंद्र भाटी बालागांव तथा सहसचिव लालू सोलंकी सेनगुड़ को बनाया गया। इस दौरान नर्मदा संभाग अध्यक्ष ओमप्रकाश सोलंकी, देवी सिंह सांखला, सुभाष पटेल, मोहन सोलंकी, गोविंद कछवाह, रामचंद्र कछवाह, नरेंद्र भाटी, शेरू सोलंकी सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में समाज में चली आ रही पुरानी रूढ़िवादी परंपराओं को समाप्त करने एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। समाज की अगली बैठक 8 अप्रैल को मारवाड़ी माली समाज छात्रावास हरदा में दोपहर 3 बजे आयोजित की जाएगी।

### रंगपंचमी पर खूब उड़ा रंग-गुलाल

**अनोखा तीर, हंडिया।** जिले सहित आसपास की तहसीलों में रंगों का पर्व रंगपंचमी हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। लोगों ने रंगों के इस पर्व को सादगीपूर्ण तरीके से मनाते हुए एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर



शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर युवाओं ने एक-दूसरे पर जमकर रंग बरसाया और रंगपंचमी की बधाई दी। वहीं नर्मदा किनारे स्थित हंडिया-नेमावर धार्मिक नगरी में सुबह से ही बच्चे, युवा और महिलाओं ने रंग-गुलाल के साथ पर्व का आनंद लिया। रंगों की फुहारों के साथ पूरे नगर का वातावरण भी रंगीन हो गया। युवाओं की टोलियां हाथों में रंग और गुलाल लेकर गलियों में घूमते हुए रंगपंचमी का त्योहार मनाती नजर आईं। वहीं हरदा में त्योहार को देखते हुए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



# फूलों से खेली होली

## -अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का हुआ सम्मान

**अनोखा तीर, सोडलपुर।**

रविवार को ग्राम में कान्हा बाबा चौक स्थित गुर्जर समाज धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया।

साथ ही महिलाओं ने एकत्रित होकर रंग पंचमी पर्व की बधाई देते हुए हर्ष और उल्लास के साथ होली मनाई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर तथा फूल बरसाकर होली की शुभकामनाएं दीं। महिला दिवस के अवसर पर वरिष्ठ महिलाओं का श्रीफल एवं मालाएं पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान महिलाओं ने होली के भजन गाए और खुशी का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार भी व्यक्त किए तथा कई महिलाओं ने सुंदर कविताओं की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा आगामी धार्मिक कार्यक्रम शिव पुराण कथा के आयोजन को लेकर भी रूपरेखा तैयार की गई। सभी महिलाओं ने अपने-अपने विचार रखते हुए आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उर्मिला रायखेरे, अहिल्याबाई सांखला, श्रीमती सीमा माहेश्वरी, श्रीमती रेखा साबू, श्रीमती द्वारका सोनी, कान्हा प्रिया, बिमला रायखेरे, श्रीमती मीरा सोलंकी, रानी राठौर, उर्मिला गोस्वामी, किरण सोनी, राखी साबू, मनीषा सोलंकी, अंकिता महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# रंग पंचमी पर खूब उड़ा रंग-गुलाल

## -नागवंवी पर हुआ फाग उत्सव व होली मिलन समारोह



**अनोखा तीर, सोडलपुर।**

ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र में रविवार को रंग पंचमी का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों और युवाओं ने जमकर रंग खेला और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं।

ग्राम की इंदिरा कॉलोनी स्थित नागवंवी पर रंग पंचमी मिलन समारोह का आयोजन गहलोत परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन कलाकारों ने सुंदर-सुंदर फाग गीतों की प्रस्तुतियां दीं, जिस पर मौजूद ग्रामीणों ने भी जमकर आनंद लिया। रंग पंचमी के अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली मिलन किया और पर्व की खुशियां साझा कीं। रामचंद्र गहलोत परिवार द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जहां सभी ने फाग उत्सव का आनंद लेते हुए प्रसादी ग्रहण की।

## विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में मानवता, सेवा से जुड़े पुनीत कार्य कर रही : राज्यपाल

# समुत्कर्ष निःशुल्क कोचिंग के नवीन सत्र का शुभारंभ

**अनोखा तीर, भोपाल।**

जीवन में बड़ा बनना अच्छी बात है पर अच्छा बनना और बड़ी बात है। चरित्रवान पीढ़ी तैयार करने में बहुत समय लगता है। इसके लिए समाज में अभी भी बहुत काम करने की आवश्यकता है। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। वे हर्षवर्धन नगर स्थित सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान में भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित समुत्कर्ष कोचिंग संस्थान के द्वितीय सत्र के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में मानवता एवं सेवा से जुड़े पुनीत कार्य कर रही है। विद्या भारती के पूर्व छात्र दुनियाभर में विभिन्न कार्यों में अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं।





विद्या भारती के पूर्व छात्र इस कोचिंग संस्थान के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं। इस दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर युवाओं से संवाद एवं प्रोत्साहन करने की आवश्यकता भी है। राज्यपाल ने कोचिंग संस्थान के नवीन सत्र के लिए चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी एवं उन्हें परिश्रम एवं लगन से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ रविंद्र कान्हेरे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी एवं भाऊराव देवरस सेवा न्यास के अध्यक्ष बनवारीलाल सक्सेना एवं समुत्कर्ष कोचिंग संस्थान के संयोजक सुधांशु गोयल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.रवींद्र कान्हेरे ने कहा कि विद्या भारती देशभर के 11 क्षेत्रों में 30 हजार से अधिक विद्यालयों का संचालन कर रही है। विद्या भारती शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में संस्कार, राष्ट्र प्रेम से युक्त चरित्रवान एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित विद्यार्थी तैयार करती है। कार्यक्रम का संचालन विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद प्रान्त संयोजक आशुतोष गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में समुत्कर्ष कोचिंग संस्थान के संयोजक सुधांशु गोयल ने संस्थान के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी में प्रतिभा होती है लेकिन उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। विद्या भारती के पूर्व छात्र सामाजिक दायित्व समझकर इस कार्य को कर रहे हैं। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन हेतु आशीष जोशी प्रान्त उपाध्यक्ष, विद्या भारती मध्यभारत ने किया।




### महाड़ संस्था ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**अनोखा तीर, खिरकिया।** ब्लॉक के ग्राम जयमलपुरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम की कलाबाई, अंजना बाई, बसकर बाई सहित अन्य महिलाओं ने महिला नेतृत्व, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित चित्रकारी कर महिला दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाड़ सामाजिक न्याय एवं विकास समिति हरदा से ज्योति दमाड़े, जनसाथी विनोद धुर्वे, जनसाथी फैसिलिटेटर निलेश बिल्लौरे तथा ग्राम के दर्जनों महिला–पुरुष उपस्थित रहे। ज्योति दमाड़े द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया। निलेश बिल्लौरे द्वारा उपस्थित महिलाओं को महिला हेल्पलाइन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसमें विशेष रूप से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के आवेदन को लेकर चर्चा की गई। विनोद धुर्वे ने उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को शिक्षा संबंधी जानकारी दी। ज्योति दमाड़े द्वारा महिलाओं को शिक्षा से जुड़ी जानकारी प्रदान करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही महिलाओं से घरेलू हिंसा का विरोध करने, भ्रूण हत्या रोकने तथा विशाखा गाइडलाइन की जानकारी दी गई। इस दौरान मजदूर हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम के दर्जनों महिलाओं एवं पुरुषों ने भागीदारी कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। महाड़ सामाजिक न्याय एवं विकास संस्था हरदा से निलेश बिल्लौरे द्वारा उपस्थित महिलाओं को कानूनी जानकारी भी दी गई।

### हार्वेस्टर संचालकों और किसानों की बैठक आयोजित

**अनोखा तीर, हरदा।** कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के सभा कक्ष में सोमवार को नरवाई न जलाने के संबंध में हार्वेस्टर संचालकों एवं कृषकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक अशोक डेहरिया, अनुविभागीय दंडाधिकारी, हरदा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित हार्वेस्टर संचालकों एवं कृषकों को नरवाई जलाने से होने वाले



पर्यावरणीय नुकसान, मृदा की उर्वरता में कमी तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी से अपील की गई कि वे खेतों में नरवाई न जलाएं और फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं। अध्यक्ष द्वारा हार्वेस्टर संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने हार्वेस्टर में सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का उपयोग सुनिश्चित करें तथा कटाई के दौरान नरवाई को उचित तरीके से खेत में फैलाएं, ताकि किसानों को नरवाई जलाने की आवश्यकता न पड़े। बैठक में यह भी बताया गया कि नरवाई जलाना दंडनीय अपराध है और ऐसा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार अर्थदंड आरोपित करने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित कृषकों एवं हार्वेस्टर संचालकों ने नरवाई न जलाने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### उप संचालक ने की किसानों से की नरवाई न जलाने की अपील

**अनोखा तीर, हरदा।**

उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं और भूमि में आग लगाने से जैव विविधता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि मिट्टी की ऊपरी परत से ही पौधों को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त होते हैं, लेकिन आग के संपर्क में आने से ये पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं।

इससे भूमि कठोर हो जाती है और उसकी जलधारण क्षमता कम हो जाती है, जिसके कारण फसलें जल्दी सूखने लगती हैं। नरवाई जलाने से वातावरण के तापमान में वृद्धि होती है, धरती गर्म होती है तथा कार्बन-नाइट्रोजन अनुपात का संतुलन भी बिगड़ जाता है। साथ ही केंचुओं की संख्या कम हो जाती है, जिससे भूमि में वायु संचार भी घट जाता है। उप संचालक ने किसानों को सलाह दी है कि नरवाई समाप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों का उपयोग करें।

### नेतृत्व क्षमता के साथ ग्रामीण विकास कार्यों को सजगता से आगे बढ़ाने का प्रयास

**अनोखा तीर, बालागांव।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखंड हरदा की प्रयास सामाजिक समिति कुकरावद नवांकुर संस्था, सेक्टर मगरधा द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मगरधा सेक्टर एवं नवांकुर सखी के क्षमतावर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत भवन कुकरावद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा ने प्रस्फुटन समितियों के कार्यों एवं उनके उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश



डाला। उन्होंने ग्रामीण विकास में समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाते हुए सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया। प्रयास सामाजिक संस्था हरदा के सीईओ नीरज गुर्जर ने समिति दस्तावेजीकरण, एनजीओ पंजीयन प्रबंधन तथा नेतृत्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि संगठित और व्यवस्थित कार्यप्रणाली से ग्रामीण स्तर पर बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रयास सामाजिक संस्था कुकरावद के अध्यक्ष दुर्गेश खोरे ने संगठन की व्यवस्था एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए समिति सदस्यों को सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सीएमसीएलडीपी मेंटर दीनबंधु गौर ने जन अभियान परिषद की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने की बात कही। साथ ही कोर्स की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण विकास कार्यों में नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना और समितियों को अधिक सक्रिय एवं सक्षम बनाना रहा।

# गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि आज, 950 किसानों ने कराया पंजीयन

**अनोखा तीर, मसनगांव।**


शासकीय खरीदी में गेहूं बिक्री करने के लिए शासन द्वारा निर्धारित पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च को समाप्त हो जाएगी। पूर्व में प्रदेश सरकार द्वारा 7 मार्च अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 10 मार्च कर दिया गया। तिथि बढ़ने के बाद दो दिनों में ही ग्राम की समिति में 200 से अधिक किसानों ने फसल बिक्री के लिए पंजीयन कराया।

**साइट धीमी होने से आ रही दिक्कत** – एमपी ऑनलाइन के माध्यम से किसानों के पंजीयन समिति के केंद्रों पर किए जा रहे हैं, लेकिन साइट धीमी चलने से पंजीयन की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इस कारण कर्मचारियों को सुबह 7 बजे से ही केंद्र पर बैठना पड़ रहा है। ग्राम की समिति के कर्मचारी सुधीर ने बताया कि पिछले तीन दिनों से सुबह 7 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। सुबह करीब 11 बजे तक साइट ठीक चलती है, इसके बाद धीमी हो जाने से मुश्किल से चार से छह किसानों के ही पंजीयन हो पा रहे हैं। शासन द्वारा गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च होने से अधिकांश किसान केंद्रों पर पहुंचकर अपनी उपज बिक्री के लिए पंजीयन करा रहे हैं। इस वर्ष मंडी में गेहूं के दाम कम होने से किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है, इसलिए




अधिकांश किसान अपनी उपज की बिक्री कृषि उपज मंडी की बजाय समिति के माध्यम से करने की तैयारी कर रहे हैं। समितियों में गेहूं का पंजीयन 10 मार्च तक, चना का पंजीयन 16 मार्च तक तथा सरसों का पंजीयन 20 मार्च तक किया जाएगा। इस वर्ष किसानों ने खेतों में गेहूं, चना, मक्का और सरसों की फसल लगाई है। इनमें से गेहूं, चना और सरसों की बिक्री शासकीय खरीदी में समर्थन मूल्य पर हो जाएगी, लेकिन मक्का की बुवाई करने वाले किसानों को अपनी उपज मंडी में ही बेचना पड़ेगी।

- **13 सौ किसानों का होता है पंजीयन** – ग्राम की समिति में बनाए गए पंजीयन केंद्र पर आसपास के गांवों के 1300 से अधिक किसान अपनी उपज बिक्री के लिए पंजीयन कराने पहुंचते हैं, लेकिन इस वर्ष लगभग 950 किसानों ने ही अपनी उपज बिक्री के लिए पंजीयन कराया है। अंतिम दिन होने के कारण आज भी केंद्र पर भीड़ बनी रहने की संभावना है। किसानों का कहना है कि पंजीयन की अवधि कम होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ी। इस वर्ष गिरदावरी समय पर नहीं होने के कारण किसानों को कई बार केंद्रों के चक्कर लगाने पड़े। गिरदावरी अपडेट नहीं होने से कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। राजस्व विभाग द्वारा 28 फरवरी तक गिरदावरी किए जाने के कारण भी पंजीयन में दिक्कतें आईं। वहीं 24 फरवरी से पंजीयन शुरू होने के बाद रविवार और होली के अवकाश के कारण भी कई किसानों के पंजीयन नहीं हो पाए। ऐसे में किसानों का कहना है कि पंजीयन की तिथि 20 मार्च तक बढ़ाई जानी चाहिए थी। इस संबंध में समिति के सहायक प्रबंधक अखिलेश पाटिल ने बताया कि शासन द्वारा तीन दिन की अवधि बढ़ाने के बाद 200 से अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है। अंतिम तिथि के दिन भी पंजीयन का कार्य जारी रहेगा। जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, वे पंजीयन केंद्र पर पहुंचकर अपनी उपज बिक्री का पंजीयन करा सकते हैं।



# अनोखा तीर
# हरदा नगर
3

हरदा, मंगलवार 10 मार्च 2026


## कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से की नरवाई न जलाने की अपील

**अनोखा तीर, हरदा।** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की है कि नरवाई जलाने से मित्र कीट नष्ट हो जाते है, भूमि में आग लगाने से जैव विविधता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, सूक्ष्मजीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। उन्होने बताया कि ऊपरी परत से ही पौधों के लिए अत्यावश्यक पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं किंतु आग के संपर्क में आने से जलकर नष्ट हो जाते हैं। इससे भूमि कठोर होती है, एवं भूमि में जलधारण क्षमता काम हो जाती है, जिससे फसले जल्दी सूखती है, वातावरण के तापक्रम में वृद्धि होती है, धरती गर्म होती है एवं कार्बन नाइट्रोजन अनुपात में संतुलन बिगड़ जाता है, केंचुए कम हो जाते हैं, जिससे भूमि में वायु संचार में कमी आती है। किसानों को सलाह दी गई है कि नरवाई समाप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र जैसे कंबाइन हार्वेस्टर, भूसा बनाने की मशीन, रोटावेटर से जुताई अथवा पटा चला कर कल्टीवेटर से जुताई, हैप्पी सीडर तथा जीरो टिलेज से खड़ी नरवाई में गेहूं, मूंग और उड़द जैसी फसलें लगाई जा सकती है। इसके साथ ही बेस्ट डीकंपोजर का उपयोग कर नरवाई को भूमि में जैविक खाद में बदला जा सकता है। नरवाई समाप्त करने हेतु मदर कलचर की और जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केंद्र हरदा से संपर्क किया जा सकता है।

## सार-समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस...

## विधिक साक्षरता शिविरों का हुआ आयोजन

**अनोखा तीर, हरदा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष श्री अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा सोमवार को माईड्स आई इंटरनेशनल स्कूल हरदा एवं वार्ड 2 आंगनवाड़ी केन्द्र क्र. 8 हरदा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। माईड्स आई इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री चंद्रशेखर राठौर ने उपस्थितजनों को महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, यौन उत्पीड़न, सालसा व नालसा की योजनाओं पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन)




योजना 2015 के बारे में जानकारी देते हुए, बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो तक उनके मूल अधिकारों की पंहुच को सुनिश्चित करना है। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव श्री राठौर ने बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के तहत पॉक्सो एक्ट, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़िताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना 2018 की जानकारी उपस्थितजनों को प्रदाय की। उन्हें इस बारे में भी जागरूक किया गया कि वे किस प्रकार विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित 'संवाद योजना-2025'' के तहत छात्र-छात्राओं को उनके संवैधानिक व वैधानिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान शिविर में उपस्थित लोगों की कानूनी समस्याओं को समझकर उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह की जानकारी दी गई तथा नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इसके बाद सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों, महिलाओं एवं बुजूर्गों को बिस्किट, कपड़े, फल आदि का वितरण किया। शिविर में शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, एवं आंगनवाड़ी केन्द्र में महिलाएं, बच्चें तथा पैरालीगल वॉलेंटियर्स सुश्री रेखा विश्नोई, सुश्री शैफाली घावरी उपस्थित रहे।

## रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला आज

**अनोखा तीर, खंडवा।** रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खंडवा में 10 मार्च को प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि इस मेले में प्रदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा तकनीकी और गैर तकनीकी क्षेत्र में लगभग 200 बेरोजगार युवक-युवतियों की निजी क्षेत्र में भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डिप्लोमा, स्नातक या स्नातकोत्तर है तथा आयु 18 से 35 वर्ष के बीच है, उनमें से चयनित युवाओं को 8 हजार से 25 हजार रुपये तक मानदेय संबंधित कंपनी द्वारा दिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को अन्य सुविधाएं कंपनियों के नियमानुसार मिलेंगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों की प्रतिलिपि, पासपोर्ट आकार के 4 फोटो, आधार पत्र और रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन पत्र लेकर उपस्थित होकर मेले का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए जरूरी उपाय करने के निर्देश

**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को जनपद पंचायत खंडवा के सभाकक्ष में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपनी-अपनी सड़कों का समय-समय पर रखरखाव कराते रहें। साथ ही जिन स्थानों को दुर्घटना संभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है, वहां दुर्घटनाएं रोकने



के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएं। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले सहित सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, यातायात पुलिस, मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण, नगर निगम खंडवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में यातायात पुलिस अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले के विभिन्न मार्गों पर चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों की जानकारी दी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सड़कों के आसपास लगी झाड़ियों के कारण यदि वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते हैं तो ऐसी झाड़ियों को तत्काल हटाया जाए। डिवाइडर वाले मार्गों पर जहां ग्रामीणों ने रास्ता बनाने के लिए डिवाइडर तोड़ दिए हैं, उन्हें बंद किया जाए। इसके साथ ही प्रमुख मार्गों पर यातायात संकेतक लगाने और सड़कों पर लेन चिह्नांकन कराने के भी निर्देश दिए गए।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत पंधाना में शिविर आज

**अनोखा तीर, खंडवा।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र पंधाना में 10 मार्च को शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद छनेरा में 11 मार्च को, ओंकारेश्वर में 12 मार्च को तथा पुनासा में 13 मार्च को शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान किया जाएगा।

## बुन्देलखंडी गौर समाज का त्रैवार्षिक अधिवेशन संपन्न




**अनोखा तीर, हरदा।** बुंदेलखंडी कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज का त्रैवार्षिक अधिवेशन सोमवार को हरदा स्थित समाज भवन में आयोजित किया गया। अधिवेशन में जिले भर से बड़ी संख्या में समाज के महिला और पुरुष सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। ग्राम इकाइयों के अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने गांवों में आयोजित बैठकों में पारित प्रस्तावों को जिला संगठन को सौंपा गया। इन प्रस्तावों पर चर्चा के बाद जिला संगठन ने कुल 17 प्रस्तावों को पारित किया। अधिवेशन के दौरान समाज की महिलाओं ने भी मंच से अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक सुधारों में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता बताई। समाज के जिलाध्यक्ष नर्मदा प्रसाद गौर ने अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को उपस्थित समाजजनों के सामने पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम में मंच पर संरक्षक मंडल के सदस्य प्रेम नारायण गौर, नर्मदा प्रसाद गौर, प्रदीप गौर, माखन प्रसाद गौर, कुसुम गौर और साधना गौर एवं लवकुश गौर मौजूद रहे। अधिवेशन में समाज के विभिन्न आयोजनों और परंपराओं में बढ़ती अनावश्यक खर्च और दिखावे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### यह प्रस्ताव पारित हुए

डीजे नहीं बजाएंगे और समाज की महिलाएं सड़क पर डांस नहीं करेंगी।
- किसी भी पदाधिकारी द्वारा सामूहिक विवाह में शादी नहीं करने पर 11 हजार तथा सामान्य स्थिति में 1100 रुपये का जुर्माना।
- शुभ कार्यक्रमों में वर-वधु के अलावा किसी के आभूषण नहीं लाए जाएंगे।
- पगड़ी रस्म और डेल छुड़ाई को सीमित किया जाएगा तथा मृत्यु भोज सादा और सरल रहेगा।
- शादी-विवाह में लिफाफा प्रथा बंद रहेगी।
- शादी से पहले दूल्हा-दुल्हन का वीडियो शूट नहीं कराया जाएगा।
- विवाह या सगाई का पंजीयन होने के बाद रिश्ता टूटने पर परामर्श समिति में आवेदन दिया जा सकेगा।
- दोनों पक्षों की सहमति से व्हाट्सएप के माध्यम से निमंत्रण भेजा जाएगा।
- महिलाओं का ग्राम इकाई बनने के बाद जिला संगठन बनाया जाएगा।
- मायरा और बारात में सहमति से सीमित वाहन रखे जाएंगे।

### निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए...

## ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

- **28 मार्च आवेदन करने की अंतिम तिथि**
- **2 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से मिलेगा प्रवेश**

**अनोखा तीर, हरदा।**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।

आर.टी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र हरदा ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी जारी कर दी गई है। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, नि:शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा।

दस्तावेजों का सत्यापन 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में नि:शुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी व निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जाएगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी।

### एसएमएस के माध्यम से मिलेगी जानकारी

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। ऑनलाइन लॉटरी द्वारा 02 अप्रैल 2026 को छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जाएगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जाएगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी।

## 40 रुपए बोनस से किसानों को राहत नहीं

- **गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए किया जाए: विधायक दोगने**



**अनोखा तीर, हरदा।**

हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री एवं प्रमुख सचिव खाद्य विभाग भोपाल को पत्र प्रेषित कर गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए प्रति क्विंटल किए जाने की मांग की है। विधायक डॉ. दोगने द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किसानों से गेहूं खरीदी पर 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की गई है, किंतु प्रदेश के किसानों की वास्तविक स्थिति और लगातार बढ़ रही कृषि लागत को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। आज किसान बीज, उर्वरक, कीटनाशक, डीजल, बिजली एवं मजदूरी जैसे आवश्यक कृषि आदानों की लगातार बढ़ती कीमतों से जूझ रहा है। खेती की लागत में भारी वृद्धि होने के बावजूद किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थिति में मात्र 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता। मध्य प्रदेश देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में से एक है और प्रदेश के लाखों किसान परिवार अपनी आजीविका के लिए गेहूं उत्पादन पर निर्भर हैं। यदि किसानों को उनकी उपज का न्यायोचित मूल्य नहीं मिलेगा तो यह उनकी आर्थिक स्थिति को और अधिक कमजोर करेगा। विधायक ने मांग की है कि किसानों की मेहनत और बढ़ती लागत को देखते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित प्रतिफल मिलना अत्यंत आवश्यक है। प्रदेश के अन्नदाता किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए, जिससे किसानों को उनकी उपज का सम्मानजनक मूल्य मिल सके तथा प्रदेश के कृषि क्षेत्र को मजबूती प्राप्त हो सके।




## नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झण्डी

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला न्यायालय हरदा में 14 मार्च को आयोजित होने वाली वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को लोक अदालत के आयोजन की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा श्री अरविंद रघुवंशी ने प्रचार वाहन रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री रघुवंशी ने बताया कि 14 मार्च को जिला मुख्यालय हरदा और सभी तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।
अध्यक्ष श्री रघुवंशी ने आमजन से अपील की है कि अपने राजीनामा योग्य प्रकरण यथा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, बैंक व वसूली से संबंधित प्रकरण, समझौता आपराधिक प्रकरण, चौंक बाउंस से संबंधित प्रकरण, भरण पोषण, विद्युत अधिनियम, प्ली-बारगेनिंग, कंपाउडेबल ट्रेफिक चालान, दीवानी प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराये व लोक अदालत का लाभ उठायें। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुधीर कुमार चौधरी, विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत जयदीप सिंह, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री निसार अहमद खान, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री निमिष राजा, मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट श्री लवकेश सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री चन्द्रशेखर राठौर, न्यायिक मजिस्टेऊटगण-श्री प्रेमदीप शाह, श्री एस.के. भदकारिया, श्रीमती चेतना रूसिया, सुश्री काजल पटेल तथा अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जगदीश विश्वकर्मा, सचिव जिला अधिवक्ता संघ शैलेन्द्र जोशी, डिफेंस काउंसिल्स, अधिवक्तागण एवं जिला न्यायालय और जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, पैरालीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।

## मूंदी शिविर में 1124 आवेदन स्वीकृत




**अनोखा तीर, खंडवा।** नागरिकों को उनकी पात्रता के अनुसार शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि सोमवार को मूंदी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में समूह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 1133 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1124 हितग्राहियों के आवेदन पात्रता के आधार पर स्वीकृत किए गए। शिविर में पीएम स्वनिधि और आयुष्मान योजना सहित अन्य योजनाओं के स्वीकृत हितग्राहियों को मौके पर ही स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। शिविर में नगर परिषद मूंदी की अध्यक्ष ज्योतिबाला राठौर, उपाध्यक्ष राजनारायण मंडलोई, सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर सहित पार्षदगण और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।


### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विहान शर्मा पिता स्व. श्री लोकेश शर्मा, बाबू जगजीवनराम वार्ड क्रं. 08 होली चौक गोलापुरा हरदा, जिला हरदा का निवासी हूं तथा मेरा नाम जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड में विहान शर्मा पिता लोकेश शर्मा अंकित है तथा मुझे कान्हा शर्मा के नाम से भी जाना जाता है, इस प्रकार विहान शर्मा तथा कान्हा शर्मा मेरा ही नाम है।

**दिनांक :- 09/03/2026**

**(भवदीय)**

**विहान शर्मा पिता लोकेश शर्मा**
**बाबू जगजीवनराम वार्ड क्रं. 08 होली चौक गोलापुरा हरदा, जिला-हरदा मो.-7999245371**


## ओंकारेश्वर पहुंचेंगे पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद पटेल 9 मार्च को ओंकारेश्वर पहुंचकर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन करेंगे तथा 10 मार्च को आयोजित जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रहलाद पटेल 9 मार्च को रात्रि 8 बजे वाहन से ओंकारेश्वर पहुंचेंगे और ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन कर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 10 मार्च को सुबह 9 बजे नर्मदा परिक्रमा पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दादा गुरु जी के साथ जलाभिषेक में शामिल होंगे।


### कार्यालय कलेक्टर, जिला-हरदा

क्रमांक 1025/ नाजरात-1/2026 हरदा, दिनांक 06/03/2026

**विषय:- समाचार पत्र में संक्षिप्त विज्ञापन प्रकाशन कराने बावत्।**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु कार्यालय कलेक्टर, जिला हरदा के विभिन्न प्रयोजनों यथा कलेक्टर कार्यालय तहसील कार्यालय एवं विभिन्न शासकीय कार्य/सत्कार कार्य हेतु टेक्सी परमिट वाहन उपयोग करने हेतु प्रतिष्ठित दूर एवं ट्रेवल्स ऐजेसियों या व्यक्ति विशेष द्वारा इच्छुक निविदाकारों से वाहन के प्रकार एवं उपयोग अनुसार दरें सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदाकार 500-00 (पांच सौ रूपये मात्र) का निविदा शुल्क बैंक चालान के माध्यम से शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाये 800 अन्य प्राप्तियां में जमा कर, अवकाश के दिनांक को छोडकर कार्यालयीन समय में विज्ञप्ति जारी होने की से दिनांक 16.03.2026 को सायं 5.00 बजे तक निविदा फार्म एवं शर्ते कार्यालय कलेक्टर, जिला हरदा नाजरात शाखा से प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म दिनांक 17.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक जमा की जावेगी। तथा निविदा दिनांक 17.03.2026 को समय दोपहर 3.00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी/शर्ते कलेक्टर कार्यालय जिला हरदा, अनुविभागीय अधिकारी/तहसीलदार सर्व/मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद हरदा, नगर पंचायत टिमरनी/खिरकिया जिला हरदा के सूचना पटल पर चस्पा एवं कार्यालय कलेक्टर हरदा की वेबसाईट https://harda.nic.in पर देखी जा सकती है।

जी-27003/25

संयुक्त कलेक्टर,
जिला हरदा

● "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"


### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# संपादकीय

# विकसित भारत के सपने में हकीकत के रंग भरता 'गुजरात'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस धरती पर विकसित भारत का जो ख्वाब स्वयं देखा और समस्त देशवासियों को दिखाया, आज उसी धरती जैसा विकास का रंग पूरे भारत की सरजमीं पर नजर आ रहा है। विकसित भारत का एक खूबसूरत उदाहरण है, 'गुजरात'। गुजरात की धरती सिर्फ उद्योग, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, परिवहन, पर्यटन, डेयरी आदि क्षेत्रों में तेजी से हो रहे विकास का ही नाम नहीं है, बल्कि इस विकास की गति में इस राज्य ने अपनी विरासत और संस्कारों का दामन कसकर थामे रखा है। यह राज्य इस बात का गवाह है कि जो ख्वाब व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर लोक हित के लिए देखे जाते हैं, वे निश्चित रूप से साकार होते हैं। इसका एक उदाहरण गुजरात के एकता नगर का 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' है। यह सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। इस प्रतिमा पर सरदार पटेल जी द्वारा पहनी गई जैकेट के दूसरे और तीसरे बटन के बीच बनी जगह में खड़े होकर जब कोई व्यक्ति बाहर की ओर देखता है, तो पहली नजर में उसे सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का सपना साकार होता हुआ दिखाई देता है। यह सपना 'सरदार सरोवर बांध' का था।

उनकी दूरदृष्टि आज केवल 'गुजरात की जीवन-रेखा' ही नहीं, बल्कि इस बांध का कई पड़ोसी राज्यों को भी फायदा हो रहा है। सरदार सरोवर बांध का पानी गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में लगभग 18 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचाई प्रदान करता है। यह हजारों गांवों और कई शहरी केंद्रों को पीने योग्य पानी की आपूर्ति करता है। इसकी बिजली उत्पादन क्षमता 1,450 मैगावाट है, जो गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश



में समान रूप से सांझी की जाती है। सरदार सरोवर बांध के निकट स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सहित कई पर्यटन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो इस इलाके को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना रहे हैं। इस क्षेत्र में लगभग 375 एकड़ में फैला सरदार पटेल जूलॉजिकल पार्क, फूलों की घाटी, आरोग्य वन, मियावाकी वन, कैक्टस गार्डन और एकता क्रूज जैसे करीब 27 से अधिक मनोहारी पर्यटन स्थल हैं, जो यहां पर्यटकों को 2-3 दिन ठहरने के लिए विवश कर देते हैं। इन पर्यटन स्थलों में केवल स्थानीय निवासियों को ही रोजगार दिया गया है। यहां ऑटो चालक केवल महिलाएं ही हैं।

अहमदाबाद में भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना अपने आप में विकसित परिवहन प्रणाली की एक झलक प्रस्तुत करती है। लगभग 508 किलोमीटर लंबी मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना विकसित भारत की उस तस्वीर का प्रतिबिंब है, जहां आने वाले कुछ वर्षों में ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। निःसंदेह गुजरात का विकास बुलेट ट्रेन की गति से आगे बढ़ रहा है लेकिन साथ ही यह राज्य अपनी 4500 साल पुरानी विरासत को भी संभाल रहा है। अहमदाबाद से सिर्फ 80 किलोमीटर दूर, 'लोथल हड़प्पाकालीन बंदरगाह नगर' के दर्शन होते हैं। यह बंदरगाह एक नदी के तट पर बनाया गया था, जो समुद्र से जुड़ती थी, जिससे व्यापार और परिवहन सुगम हो जाता था। यह स्थान प्राचीन भारतीय इतिहास में व्यापार और अर्थव्यवस्था के विकास का प्रतीक है। इस स्थान से कुछ ही दूरी पर राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर परियोजना द्रुत गति से प्रगति कर रही है। इस परिसर के केंद्र में एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय समुद्री संग्रहालय तैयार हो रहा है, जिसमें 14 विषय-आधारित दीर्घाएं बनाई जा रही हैं। इन दीर्घाओं में विभिन्न प्रभावशाली तरीकों से भारत की समुद्री ऐतिहासिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा।

## भारत की संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाना होगा : आरती दुबे



**अनोखा तीर, भोपाल।** हिन्दी लेखिका संघ की मासिक साहित्यिक गोष्ठी 'नारी और हास्य' विषय पर विश्व संवाद केंद्र, शिवाजी नगर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक साहित्य की व्याख्याता डॉ. आरती दुबे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य हिन्दी लेखिका संघ की प्रांताध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने दिया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज की संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है और महिला लेखिकाएँ आज विभिन्न विषयों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। मुख्य अतिथि डॉ. आरती दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब भारतीय परंपरा की चर्चा होती है तो साहित्य के सभी मंच वेदपीठ बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि वैदिक वाङ्मय में नारी की छवि अत्यंत अनुकरणीय है। वेद मिथक नहीं हैं, बल्कि उनका संस्कार और डीएनए आज भी हमारे भीतर विद्यमान है। भारत केवल कृषि प्रधान ही नहीं, बल्कि ऋषि प्रधान देश भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने सभी लेखिकाओं की रचनाओं की सराहना करते हुए कहा कि नारी सम्मान के क्षेत्र में अभी बहुत कार्य होना शेष है। समाज से बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों का पूरी तरह अंत होना चाहिए तथा विधवा विवाह को भी सामाजिक स्वीकृति मिलनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज भी स्त्री पितृसत्तात्मक ढांचे के बीच अपनी पहचान और अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है, इसलिए इन मुद्दों पर निरंतर संवाद आवश्यक है।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की है। इस निर्णय के बाद किसानों को गेहूं का भुगतान 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्राप्त होगा। पहली नजर में यह राशि बहुत बड़ी नहीं लग सकती, लेकिन खेती की आर्थिक संरचना को समझने वाले जानते हैं कि समर्थन मूल्य के साथ दिया गया यह बोनस किसानों की आय में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह केवल अतिरिक्त धनराशि नहीं है, बल्कि यह एक संदेश भी है कि सरकार किसानों की मेहनत और लागत को समझते हुए उनके हितों को प्राथमिकता दे रही है।**

# किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करता समर्थन मूल्य और बोनस

- पवन वर्मा



मध्यप्रदेश की पहचान लंबे समय से कृषि प्रधान राज्य के रूप में रही है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था, ग्रामीण जीवन और सामाजिक संरचना का बड़ा हिस्सा खेती-किसानी से जुड़ा है। यही कारण है कि जब भी कृषि से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाता है, तो उसका प्रभाव केवल खेतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि गांवों की अर्थव्यवस्था, बाजार और सामाजिक जीवन तक व्यापक रूप से दिखाई देता है। ऐसे समय में जब खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और किसान अपनी उपज के उचित मूल्य की अपेक्षा करते हैं, तब राज्य सरकार द्वारा गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बोनस देने का निर्णय किसानों के भरोसे को मजबूत करने वाला कदम माना जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की है। इस निर्णय के बाद किसानों को गेहूं का भुगतान 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्राप्त होगा। पहली नजर में यह राशि बहुत बड़ी नहीं लग सकती, लेकिन खेती की आर्थिक संरचना को समझने वाले जानते हैं कि समर्थन मूल्य के साथ दिया गया यह बोनस किसानों की आय में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह केवल अतिरिक्त धनराशि नहीं है, बल्कि यह एक संदेश भी है कि सरकार किसानों की मेहनत और लागत को समझते हुए उनके हितों को प्राथमिकता दे रही है।

कृषि क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती लागत और आय के बीच संतुलन की होती है। पिछले कुछ वर्षों में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, डीजल और मजदूरी की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सिंचाई व्यवस्था भी कई स्थानों पर महंगी होती जा रही है। ऐसे में यदि किसान को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता, तो खेती धीरे-धीरे घाटे का सौदा बन जाती है। यही कारण है कि समर्थन मूल्य और बोनस की व्यवस्था किसानों के लिए सुरक्षा कवच की तरह काम करती है।

मध्यप्रदेश में गेहूं उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश के किसान आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज और बेहतर सिंचाई प्रबंधन के माध्यम से उत्पादन क्षमता को बढ़ा रहे हैं। कई जिलों में प्रति हेक्टेयर उत्पादन राष्ट्रीय औसत से भी अधिक हो चुका है। इस स्थिति में यदि किसानों को बेहतर मूल्य मिलता है, तो वे और अधिक उत्साह के साथ उत्पादन बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। इससे राज्य की कृषि व्यवस्था को भी मजबूती मिलती है।

राज्य सरकार ने केवल वर्तमान वर्ष के लिए बोनस देने तक ही अपनी सोच सीमित नहीं रखी है, बल्कि भविष्य की स्पष्ट दिशा भी तय की है। सरकार ने अपने संकल्प-पत्र में वर्ष 2028 तक गेहूं की खरीद 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य केवल एक आर्थिक घोषणा नहीं है, बल्कि किसानों को भविष्य के प्रति आश्वस्त करने वाला संकेत भी है। यदि यह लक्ष्य निर्धारित समय में प्राप्त होता है, तो मध्यप्रदेश के गेहूं उत्पादक किसानों को देश में सबसे बेहतर मूल्य मिलने की स्थिति बन सकती है।

दरअसल कृषि क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण तत्व भरोसा होता है। किसान जब बीज बोता है, तो उसके मन में यह विश्वास होना चाहिए कि उसकी मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा। यदि उसे बाजार या नीति व्यवस्था पर भरोसा नहीं होता, तो वह खेती में निवेश करने से हिचकता है। ऐसे में सरकार की ओर से स्पष्ट लक्ष्य और ठोस निर्णय किसानों के मन में विश्वास पैदा करते हैं।

इस निर्णय का एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि यह किसानों को स्थिर नीति का संकेत देता है। अक्सर देखा गया है कि कृषि से जुड़े निर्णय तात्कालिक परिस्थितियों के अनुसार लिए जाते हैं, जिससे किसानों को भविष्य की योजना बनाने में कठिनाई होती है। लेकिन जब सरकार यह स्पष्ट करती है कि आने वाले तीन वर्षों में समर्थन मूल्य को 2700 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, तो किसान अपनी खेती की रणनीति उसी आधार पर तय कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 मार्च करना भी किसानों की व्यवहारिक समस्याओं को समझने वाला निर्णय है। कई बार तकनीकी कारणों, नेटवर्क समस्या या स्थानीय प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण किसान समय पर पंजीयन नहीं करा पाते। ऐसी स्थिति में समय सीमा बढ़ाने से हजारों किसानों



को राहत मिलती है और वे अपनी उपज को समर्थन मूल्य पर बेचने के अवसर से वंचित नहीं होते।

सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराने का निर्णय भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से यह समस्या रही है कि किसानों को सिंचाई के लिए रात के समय बिजली मिलती है। इससे किसानों को देर रात खेतों में जाना पड़ता है, जो कई बार जोखिम भरा भी होता है। दुर्घटनाओं और वन्यजीवों के खतरे जैसी समस्याएं भी सामने आती रही हैं। दिन में बिजली उपलब्ध होने से किसान अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से सिंचाई कर सकेंगे।

राज्य सरकार द्वारा उड़द की खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा भी कृषि विविधीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लंबे समय से देश में दलहन उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। यदि किसानों को दलहन फसलों पर बेहतर प्रोत्साहन मिलता है, तो वे गेहूं और धान के साथ-साथ दलहन की खेती को भी अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है और किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर भी मिलते हैं।

कृषि नीति का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि उसमें किसानों की भागीदारी सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री द्वारा भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनके सुझावों पर चर्चा करना इस दिशा में सकारात्मक पहल मानी जा सकती है। भूमि अधिग्रहण पर मुआवजा, जंगली जानवरों से फसल नुकसान, मंडी व्यवस्था, गिरदावरी, नामांतरण और सीमांकन जैसे मुद्दे सीधे तौर पर किसानों के जीवन से जुड़े हैं। इन विषयों पर संवाद और समाधान की दिशा में प्रयास यह दर्शाते हैं कि सरकार किसानों की समस्याओं को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि व्यापक प्रशासनिक परिप्रेक्ष्य में भी देख रही है।

मध्यप्रदेश को देश के फूड बास्केट के रूप में स्थापित करने में किसानों की मेहनत और सरकार की नीतियों दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गेहूं, सोयाबीन, दालें और तिलहन उत्पादन में प्रदेश ने लगातार अपनी स्थिति मजबूत की है। यदि इसी प्रकार किसानों को प्रोत्साहन मिलता रहा और कृषि ढांचे को मजबूत किया जाता रहा, तो आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश कृषि क्षेत्र में और भी बड़ी भूमिका निभा सकता है।

कृषि केवल उत्पादन का विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक स्थिरता और ग्रामीण समृद्धि का आधार भी है। जब किसान समृद्ध होता है, तो गांवों में रोजगार बढ़ता है, बाजार सक्रिय होते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। इसलिए किसानों के हित में लिया गया हर निर्णय व्यापक आर्थिक प्रभाव भी उत्पन्न करता है।

इस दृष्टि से देखा जाए तो गेहूं पर बोनस, भविष्य में 2700 रुपए प्रति क्विंटल तक समर्थन मूल्य का लक्ष्य, पंजीयन अवधि बढ़ाना और सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराना जैसे निर्णय किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाले कदम हैं। यदि इन निर्णयों को प्रभावी ढंग से लागू किया गया और कृषि से जुड़े अन्य ढांचागत सुधार भी इसी गति से आगे बढ़े, तो मध्यप्रदेश के किसानों के लिए यह एक नए विश्वास और नई संभावनाओं का दौर साबित हो सकता है।

अंततः कृषि नीति की सफलता केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। यदि समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती है, किसानों को समय पर भुगतान मिलता है और बिजली व सिंचाई जैसी सुविधाएं वास्तव में उपलब्ध होती हैं, तो यह निर्णय प्रदेश के कृषि इतिहास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है।

मध्यप्रदेश के किसानों की मेहनत और सरकार की नीतियों के बीच यदि यह संतुलन बना रहा, तो प्रदेश की कृषि व्यवस्था न केवल मजबूत होगी, बल्कि किसानों के जीवन में समृद्धि का नया अध्याय भी बनेगा।

## टी 20 वर्ल्ड कप 2026

हुई करोड़ों आँखें झर-झर आनंद खुशियों से नम,
जीता भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप यारा अपने दम।

पहाड़ों सी जटिल मुश्किलों को किया चकनाचूर,
राह के नुकीले कॉंटों को पूर्ण समर्पण से किया दूर,
विपक्ष की टीम पर एकजुट हो शिकंजा तगड़ा कसा,
खिलाड़ी उतरे सत्य संकल्पित लक्ष्य नजरों में बसा,
कप्तान के निर्देशों पर बढ़ाया जीत की ओर कदम।

रचा ये स्वर्णिम इतिहास चूमकर मातृभूमि का माथा,
टीम स्प्रीट,धैर्य,आत्मविश्वास की बनी खुबसूरत गाथा,
कई रिकार्ड्स बना घर पर ही विजय का झंडा गाड़ा,
टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रनों के बड़े अंतर से पछाड़ा,
नीली जर्सी ने वूमेंस डे पर नया इतिहास रचा अनुपम।

सूर्या,संजू,रिंकू,तिलक,बुमराह,हार्दिक,वरुण,ईशान,
दूबे,अक्सर,अभिषेक,अर्शदीप की जीत ये आलीशान,
पूरा विश्व दे रहा भारतीय क्रिकेट टीम को बधाइयां,
बांटी जा रही गली-मुहल्ले आधी रात को मिठाइयां,
अशेष आशीर्वाद, दुआओं की लगी झड़ी झमा-झम।

हुई करोड़ों ऑंखें झर-झर आनंद खुशियों से नम,
जीता भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप यारा अपने दम।

**- मोनिका डागा आनंद**

## सक्षम अधिकारी के दरवाज़े हमेशा खुले होते हैं - सही संवाद, प्रक्रिया और जागरूकता से मिलता समाधान

# एक प्रयास आपका भी हो...



**शिकायत से पहले मार्गदर्शन। अक्सर नागरिक सीधे शिकायत लेकर अधिकारी के पास पहुँच जाते हैं, जबकि बेहतर तरीका यह है कि पहले अधिकारी से मार्गदर्शन लिया जाए। यदि नागरिक अपनी समस्या को शांत, स्पष्ट और व्यवस्थित ढंग से रखते हुए यह पूछे कि उसके समाधान के लिए क्या प्रक्रिया अपनानी चाहिए, तो अधिकारी भी उसे आवश्यक नियमों, कानूनी प्रावधानों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी देते हैं। इससे नागरिक को अपनी समस्या को सही दिशा में आगे बढ़ाने का रास्ता मिल जाता है।**

**सुशील कुमार जैन**

लेखक एवं स्तंभकार

लोकतांत्रिक व्यवस्था में शासन और प्रशासन का मूल उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना और व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करना है। लेकिन अक्सर देखा जाता है कि किसी नागरिक का कार्य केवल इसलिए अटक जाता है क्योंकि वह सही प्रक्रिया, सही संवाद और आवश्यक दस्तावेज़ों के अभाव में अपनी ही समस्या को जटिल बना देता है। कई बार भावनात्मक प्रतिक्रिया, अधूरी जानकारी, गलत संवाद शैली या बिना तैयारी के की गई शिकायतें समाधान की प्रक्रिया को और अधिक लंबा कर देती हैं।

वास्तव में सक्षम अधिकारी के दरवाज़े हमेशा खुले होते हैं। आवश्यकता केवल इस बात की होती है कि नागरिक अपने कार्य और समस्या को सही ढंग से प्रस्तुत करे और प्रशासनिक व्यवस्था की प्रक्रिया को समझते हुए संवाद स्थापित करे। जब नागरिक जागरूकता, संयम और स्पष्टता के साथ प्रशासन से संपर्क करता है, तो समस्याओं के समाधान की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

सबसे पहला और महत्वपूर्ण कदम है - शिकायत से पहले मार्गदर्शन। अक्सर नागरिक सीधे शिकायत लेकर अधिकारी के पास पहुँच जाते हैं, जबकि बेहतर तरीका यह है कि पहले अधिकारी से मार्गदर्शन लिया जाए। यदि नागरिक अपनी समस्या को शांत, स्पष्ट और व्यवस्थित ढंग से रखते हुए यह पूछे कि




उसके समाधान के लिए क्या प्रक्रिया अपनानी चाहिए, तो अधिकारी भी उसे आवश्यक नियमों, कानूनी प्रावधानों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी देते हैं। इससे नागरिक को अपनी समस्या को सही दिशा में आगे बढ़ाने का रास्ता मिल जाता है।

**दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु है** – लिखित संवाद की प्राथमिकता। प्रशासनिक व्यवस्था में लिखित संवाद का विशेष महत्व होता है। मौखिक बातचीत कई बार भ्रम या विस्मरण का कारण बन सकती है, जबकि लिखित आवेदन, पत्र या ई-मेल से समस्या स्पष्ट रूप से दर्ज हो जाती है। इसलिए नागरिक को चाहिए कि वह अपनी समस्या, उससे जुड़े तथ्य और आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ एक संक्षिप्त, स्पष्ट और सुव्यवस्थित आवेदन प्रस्तुत करे। इससे अधिकारी के लिए भी मामले को समझना और उचित कार्रवाई करना आसान हो जाता है।

**तीसरा महत्वपूर्ण पक्ष है** - नियमों और प्रावधानों की जानकारी। कई बार नागरिक बिना यह समझे कि किसी काम के लिए कौन-सा नियम लागू होता है या कौन-सा विभाग जिम्मेदार है, सीधे शिकायत कर देते हैं। इससे समय और ऊर्जा दोनों की हानि होती है। यदि नागरिक पहले यह समझ ले कि उसका विषय किस विभाग से संबंधित है और उस विषय से जुड़े कानूनी प्रावधान क्या हैं, तो उसका संवाद अधिक प्रभावी और परिणामकारी हो जाता है। इसके साथ ही नागरिक को यह भी समझना चाहिए कि प्रशासनिक प्रक्रिया में धैर्य और निरंतर संवाद दोनों आवश्यक हैं। आवेदन देने के बाद समय-समय पर स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से मामले की स्थिति की जानकारी लेते रहना चाहिए। यदि संभव हो तो संबंधित कार्यालय से लिखित उत्तर प्राप्त करना भी उपयोगी होता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मामला किस स्तर पर लंबित है और आगे क्या कार्रवाई अपेक्षित है।

यदि किसी स्तर पर संतोषजनक समाधान प्राप्त नहीं होता, तो अगला कदम है - उच्च अधिकारी से संवाद। लेकिन यह कदम भी व्यवस्थित तरीके से उठाया जाना चाहिए। उच्च अधिकारी के पास जाते समय पहले से किए गए सभी पत्राचार, आवेदन और संबंधित अधिकारियों से हुई चर्चा का पूरा विवरण साथ होना चाहिए। इससे उच्च अधिकारी को मामले की पृष्ठभूमि समझने में आसानी होती है और वह उचित निर्णय ले सकता है।

एक जागरूक नागरिक के लिए यह भी आवश्यक है कि वह संवाद की भाषा और शैली को सकारात्मक, संयमित और सम्मानजनक रखे। प्रशासनिक अधिकारी भी व्यवस्था का हिस्सा होते हैं और वे भी नियमों के दायरे में रहकर ही निर्णय लेते हैं। इसलिए संवाद में सम्मान, स्पष्टता और तर्क का संतुलन होना चाहिए।

इसके अतिरिक्त आज के समय में डिजिटल माध्यमों का उपयोग भी नागरिकों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकता है। अनेक सरकारी सेवाएं और शिकायत निवारण प्रणालियां ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इनका उपयोग करके नागरिक अपनी समस्या को दर्ज कर सकते हैं और उसकी प्रगति को भी ट्रैक कर सकते हैं। इससे पारदर्शिता और उत्तरदायित्व दोनों बढ़ते हैं।

साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिए कि समस्या के समाधान के लिए तथ्य और प्रमाण अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि किसी मामले में दस्तावेज़, प्रमाण या संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध हों तो उन्हें आवेदन के साथ संलग्न करना चाहिए। इससे प्रशासनिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनती है।

दरअसल, एक जागरूक और व्यवस्थित नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान अपेक्षाकृत जल्दी प्राप्त कर सकता है। जो नागरिक नियमों की जानकारी रखता है, लिखित संवाद करता है, समय-समय पर प्रगति की जानकारी लेता है और सकारात्मक तरीके से प्रशासन से संवाद करता है, उसका कार्य सामान्यतः अधिक शीघ्रता से पूरा होता है। जागरूकता केवल अधिकारों की मांग नहीं है, बल्कि प्रक्रियाओं की समझ और जिम्मेदार संवाद की क्षमता भी है। अंततः यह समझना आवश्यक है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शासन और नागरिक के बीच संवाद ही सबसे बड़ी शक्ति है। जब नागरिक सही प्रक्रिया, सही जानकारी और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रशासन से संवाद करता है, तो अधिकांश समस्याओं का समाधान अपेक्षाकृत शीघ्र संभव हो जाता है।

--------------------------------

## सार-समाचार

### भारत की जीत पर सद्भावना मंच ने मनाया जश्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** सद्भावना मंच के सदस्यों ने मंच संस्थापक प्रमोद जैन की उपस्थिति में माली कुआं स्थित मंच कार्यालय पर वर्ल्ड क्रिकेट कप में भारत की जीत पर जश्न मनाकर टीम इंडिया के खिलाड़ियों को बधाई दी। मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि भारत के चैंपियन बनने पर पूरे देश में खुशी का माहौल रहा। लोगों ने रंगपंचमी के पर्व को दीपोत्सव की तरह




मनाते हुए आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रमोद जैन ने टीम इंडिया की शानदार जीत पर खिलाड़ियों की मेहनत, दृढ़ संकल्प और असाधारण कौशल की सराहना करते हुए बधाई दी। इस मौके पर आनंद तोमर, जगदीशचंद्र चौरे, नरेंद्र दवे, सुनील सोमानी, जीडी श्राफ, निर्मल मंगवानी, त्रिलोक चौधरी, गणेश भावसार, राधेश्याम शाक्य, योगेश गुजराती, अर्जुन बुंदेला, अशोक जैन, अशोक पारवानी, सत्यप्रकाश सिंह, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त कर टीम इंडिया को शुभकामनाएं दीं।

### महंगे गैस सिलेंडर के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

**अनोखा तीर, खंडवा।** घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। केवलराम पेट्रोल पंप चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर की पूजा कर चूल्हे पर चाय बनाकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया और उपस्थित लोगों को चाय पिलाई। जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि प्रदर्शन का नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद




रहे। प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि बढ़ती महंगाई का बोझ आम जनता पर पड़ रहा है और रसोई गैस के दामों ने गृहिणियों का बजट बिगाड़ दिया है। महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल ने कहा कि देश की जनता महंगाई की मार झेल रही है, जबकि केंद्र सरकार कीमतों को नियंत्रित करने में विफल साबित हो रही है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि गैस सिलेंडर की कीमतों में जल्द कमी नहीं की गई तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर प्रतिभा रघुवंशी, हेमलता पालीवाल, कामिनी मंडलोई, रूपा कास्डे, आशी सिलावट, ओंकार पटेल, चैनसिंह वर्मा, दीपक मुल्लू राठौर, आलोक सिंह रावत, सुरेश गुरबानी, उदय कुमार सोनी, मनोज मंडलोई, भुवनेश जोशी, वामनराव जाधव, दिलीप कैथवास, असलम गौरी, बाबा हासिम, प्रेमांशु जैन सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### महिला दिवस पर जिला अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ का सम्मान

**अनोखा तीर, खंडवा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों की सेवा करने वाली नर्सिंग स्टाफ का स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यालय मंत्री भारत पटेल और समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने सिस्टर्स और मेट्रन का अभिनंदन कर उनके कार्यों की सराहना की। सुनील जैन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का सम्मान देने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का अवसर



है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही समाज और देश का समग्र विकास संभव है। भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं। भारत पटेल ने कहा कि जिला अस्पताल में दिन-रात मरीजों की सेवा करने वाली मातृशक्ति का सम्मान करना गर्व की बात है। ऐसे सम्मान से नर्सिंग स्टाफ को और अधिक समर्पण के साथ सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। सम्मान से भावुक हुई सिस्टर्स ने कहा कि उनके कार्यों की सराहना से उन्हें मरीजों की सेवा करने की नई ऊर्जा मिलती है। इस अवसर पर रेणुका मेलुदें, सेल्वी थॉमस, माया पास्कल, बेसर बारिया, शकुंतला पटोले, सुसा नायर, सुरेखा पवार, चंद्रकला सहित अन्य नर्सिंग स्टाफ का स्वागत किया गया। अंत में रेणुका मेलुदें ने आभार व्यक्त किया।

### भारत की जीत पर घंटाघर पर आतिशबाजी, दिन में होली तो रात में दिवाली जैसा जश्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में भारत की जीत पर शहर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। रंगपंचमी के दिन दोपहर में जहां लोगों ने रंगों की होली खेली, वहीं रात में भारत की जीत पर दीपावली जैसा जश्न मनाया गया। शहर के हृदय स्थल घंटाघर पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर आतिशबाजी और तिरंगा लहराते हुए जीत का जश्न मनाते नजर आए। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 8 मार्च को



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप अपने नाम किया। भारत ने लगातार दूसरा और कुल तीसरा टी-20 विश्व कप खिताब जीता है। मैच जीतते ही पूरे देश के साथ खंडवा में भी खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए जश्न मनाया। फाइनल में भारतीय टीम ने कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 255 रन बनाए। संजू सैमसन ने 89, अभिषेक शर्मा ने 52 और ईशान किशन ने 54 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए।

---

**जंगल में लगी आग**

# वन विभाग खेलता रहा होली

**● अधिकारी रंग-गुलाल में मस्त रहे ● आग लगने पर भी नहीं पहुंचे जिम्मेदार ● नपा के अग्निशमन दल ने बचाया जंगल**

**अनोखा तीर, खरगोन।**







भीकनगांव क्षेत्र में रविवार को एक गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया, जब हनुमान मंदिर के पास लगी विद्युत डीपी में फाल्ट होने से आरक्षित जंगल क्षेत्र में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि डीपी से निकली चिंगारी सूखी घास और झाड़ियों पर गिरने से आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया और कुछ ही देर में जंगल का बड़ा हिस्सा आग की चपेट में आने लगा। जिसकी सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी वन विभाग की होती है।

**दमकल की तत्परता से टला बड़ा हादसा-** घटना की सूचना मिलते ही नगर परिषद भीकनगांव का अग्निशमन दल तत्काल मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जंगल क्षेत्र में सूखी घास और झाड़ियों की अधिकता के कारण आग तेजी से फैलने की आशंका बनी हुई थी, लेकिन दमकल दल की सतर्कता और तत्परता के कारण समय रहते आग को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

**जंगल जलता रहा, वन विभाग खेलता रहा होली -** सूत्रों के अनुसार जिस समय जंगल में आग लगी, उस समय वन विभाग का पूरा स्टाफ खरगोन जिला मुख्यालय स्थित वन विभाग कार्यालय में होली खेलने में व्यस्त था। बताया जा रहा है कि जंगल में आग लगने की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने रेंजर और डिप्टी रेंजर को कई बार फोन लगाए, लेकिन मस्ती के माहौल में उन्होंने फोन तक रिसीव नहीं किया।

### लापरवाही या संरक्षण की जिम्मेदारी से भागना?

वन विभाग की जिम्मेदारी जंगलों की सुरक्षा और संरक्षण की होती है, लेकिन इस घटना ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर समय रहते दमकल दल मौके पर नहीं पहुंचता तो आग से बड़े पैमाने पर वन संपदा और वन्यजीवों को नुकसान हो सकता था।

**भ्रष्टाचार और लापरवाही की जांच की मांग-** स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल लापरवाही का मामला नहीं बल्कि विभागीय जिम्मेदारियों से बचने और कर्तव्यहीनता का उदाहरण है। लोगों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### अब डीएफओ पर टिकी सबकी नजर

खरगोन जिला मुख्यालय के डीएफओ रमेश राठौड़ को क्षेत्र में खुद को सख्त और ईमानदार अधिकारी के रूप में प्रस्तुत करने वाला माना जाता है। ऐसे में अब सवाल उठ रहे हैं कि उनके कार्यकाल में जंगल में लगी इस आग और कथित लापरवाही के मामले में जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी या फिर मामला दबा दिया जाएगा।

---

## नरवाई न जलाने के लिए किसानों को करें जागरूक: कलेक्टर

**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने उपसंचालक कृषि और सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में पिछले वर्षों में नरवाई जलाने की अधिक शिकायतें मिली हैं, ऐसे गांवों को चिन्हित कर संयुक्त भ्रमण करें और किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए समझाइश की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी तहसीलदारों और एसडीएम को अपने क्षेत्र के छात्रावासों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए। बैठक में सहकारी समितियों में गबन और घोटालों के मामलों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश



दें। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने पर अर्थदंड सहित अन्य प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि जिला और विकासखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर पेयजल संबंधी शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप खराब होने या पेयजल योजनाओं की मोटर जलने दिए गए। साथ ही झीलोद्यान, दूध तलाई और शक्कर तालाब के आसपास के अतिक्रमण हटाकर वर्षा जल के मार्ग को साफ करने के निर्देश नगर निगम को दिए गए, ताकि वर्षा ऋतु में भूजल स्तर बढ़ सके।

कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविरों में अस्वीकृत आवेदनों की पुनः समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पात्र व्यक्ति किसी योजना के लाभ से वंचित न रहे और सभी लंबित बिजली बिल तथा जलकर का भुगतान समय पर किया जाए।

## नपा में आयोजित फाग उत्सव में वृंदावन के कलाकारों ने दी शानदार नृत्य की प्रस्तुति

**● रंग पंचमी पर नगर में निकाली राधा कृष्ण फाग यात्रा, मार्ग हुआ सतरंगी**

**अनोखा तीर, बड़वाह।**





रंग पंचमी के एक दिन पूर्व शनिवार को नगर पालिका परिसर में फाग उत्सव का आयोजन हुआ। उक्त आयोजन संस्था नवसृजन एवं राकेश गुप्ता मित्र मंडल के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृंदावन के सुविख्यात कलाकारों ने होली के गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वृंदावन के कलाकारों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर मयूर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। भक्तों ने श्री कृष्ण और राधा की भक्ति में लीन होकर फूलों और गुलाल से होली खेली। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने भी कलाकारों के साथ फाग गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर फाग उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर डेहरिया आश्रम बड़वाह के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बालकदास जी महाराज,महंत हनुमान दास जी महाराज सहित कई संत महंत आयोजन में शामिल हुए। शाम 8:30 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम देर शाम तक चला। इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला ने भी शामिल होकर फाग उत्सव का आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि फाग उत्सव के दौरान वृंदावन की तर्ज पर कलाकारों ने लठ मार होली की प्रस्तुति दी। वही उपस्थितजनों पर फूल और गुलाल बरसाया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, अनिल रॉय, महेंद्र अमई, पार्षद रजनी भंडारी, सुनील चौधरी, दीपक जैन, आशीष जैन, सीएमओ कुलदीप किशुंक सहित अन्य पार्षदगण, नपा कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी मोजूद थे।

**रंग पंचमी पर निकाली रंगारंग गैर –** उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष रविवार को रंग पंचमी के उपलक्ष में नगर में राधा कृष्ण फाग यात्रा (रंगारंग गैर) निकाली गई। यह यात्रा भी संस्था नवसृजन एवं राकेश गुप्ता मित्र मंडल द्वारा निकाली गई। जिसकी शुरुवात सुबह 10 बजे नागेश्वर मंदिर परिसर से हुई। जिसमें स्थानीय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से युवा, पुरुष शामिल हुए। यह फाग यात्रा नगर के झंडा चौक,एमजी रोड,मुख्य चौराहे,जय स्तंभ चौराहे से होकर बस स्टैंड पहुंची। जहा कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान मटकी फोड़ का आयोजन भी किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया। वही गैर में मशीनों से रंग गुलाल उड़ाया। उल्लेखनीय है कि फाग यात्रा में आदिवासी समाज के पुरुष अपनी भेषभूषा में शामिल हुए,जो नगर में आकर्षण का केंद्र रहा।

### 637 उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को शासकीय अस्पतालों में स्त्री रोग विशेषज्ञ और चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के शासकीय अस्पतालों में कुल 637 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि जांच के दौरान जटिलताओं को देखते हुए चिन्हित गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी के लिए खंडवा भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि उच्च



जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं में खून की कमी, उच्च रक्तचाप और शर्करा की जांच की जाती है। इसके अलावा जिन महिलाओं का पूर्व में शल्य प्रसव हुआ हो, जुड़वा बच्चे हुए हों, गर्भ में शिशु की स्थिति उल्टी हो, पहले गर्भपात हुआ हो या पूर्व में जन्मे शिशु में जन्मजात विकृति रही हो, ऐसी गर्भवती महिलाओं को उच्च जोखिम श्रेणी में रखा जाता है।

### फाग उत्सव में निमाड़ का पारंपरिक गणगौर नृत्य प्रस्तुत

**अनोखा तीर, खंडवा।** अखंड ब्राह्मण सेवा संगठन और इनरव्हील क्लब स्पार्कल के संयुक्त तत्वावधान में फाग उत्सव का आयोजन खंडवा के नुक्कड़ होटल में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण निमाड़ खंड का पारंपरिक गणगौर नृत्य रहा, जिसकी प्रस्तुति गणगौर स्वर संगम कला के कलाकारों ने दी। नारायण फरकले ने बताया कि गणगौर पर्व चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। यह मध्य प्रदेश के निमाड़ क्षेत्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित मालवा, बुंदेलखंड और ब्रज क्षेत्रों में विशेष महत्व रखता है। 'गण' भगवान शिव और 'गौर' देवी पार्वती का प्रतीक है, जो शक्ति, भक्ति और वैवाहिक सौहार्द के दिव्य मिलन का उत्सव माना जाता है। कार्यक्रम में मीरा व्यास,



ममता मोहे, मेघा मंडलोई, प्रियंका दीवान, संध्या मंडलोई, माधवी जोशी और भावना ने फाग गीतों पर पारंपरिक गणगौर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। तबले पर मनोज जोशी और राजू नामदेव ने संगत दी। इस अवसर पर अखंड ब्राह्मण सेवा संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मोना थापक, इनरव्हील स्पार्कल की अध्यक्ष दीपमाला पांडे, जिलाध्यक्ष दीप्ति मिश्रा, संजीवनी ब्यूटी पार्लर की प्रशिक्षक सोनिया उपाध्याय सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पेयजल शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**अनोखा तीर, खंडवा।**

ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए जिला, उपखंड और विकासखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन यंत्री वर्षा शिवपुरे ने बताया कि जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 0733-2223292 है। इस नियंत्रण कक्ष का प्रभारी उपयंत्री रवि दरबार को बनाया गया है, जिनका मोबाइल क्रमांक 7770979379 है। नियंत्रण कक्ष में सुबह 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक दो पालियों में कर्मचारी तैनात रहेंगे।

पहली पाली में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक सुधीर नागनपुरे की ड्यूटी रहेगी, जिनका मोबाइल क्रमांक 7049984702 है। दूसरी पाली में दोपहर 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रकाश सांवले की ड्यूटी रहेगी, जिनका मोबाइल क्रमांक 9399210879 है। अवकाश की स्थिति में कमलेश सोनी तथा शासकीय अवकाश के दिन बंटी वर्मा की ड्यूटी रहेगी। उपखंड स्तर पर खंडवा में संध्या बरकने, पंधाना में रविन्द्र गोले और हरसूद में करनसिंह वास्कले को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं विकासखंड स्तर पर खंडवा में तुषार कुमरावत, पुनासा में संदीप काटोलकर, हरसूद में अक्षिता सोनवे, बलड़ी में नितेश पथिक, खालवा में भूरेलाल गंगराड़े, पंधाना में कुंदन पाटीदार और छैगांवमाखन में मुकेश रावत को पेयजल शिकायतों के निराकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नागरिक अपनी पेयजल समस्याओं की जानकारी नियंत्रण कक्ष में दे सकते हैं।

### एचपीवी टीकाकरण के लिए सभी एसडीएम नोडल अधिकारी नियुक्त

अनोखा तीर, खंडवा। महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान इन दिनों जारी है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाए जा रहे हैं। अभियान के व्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को अपने-अपने विकासखंड के लिए सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिले के जिला चिकित्सालय खंडवा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंधाना, सिंगोट, छैगांवमाखन, मूंदी, पुनासा, खालवा, किल्लौद, ओंकारेश्वर, हरसूद और जावर के शासकीय अस्पतालों में किशोरी बालिकाओं को एचपीवी के टीके लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को निकटतम टीकाकरण केंद्र पर ले जाकर एचपीवी का टीका अवश्य लगवाएं।

### तीर्थदर्शन योजना के तहत वृद्धजन रामेश्वर और मदुराई जाएंगे

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत खंडवा जिले के वरिष्ठ नागरिक रामेश्वर और मदुराई की तीर्थ यात्रा पर जाएंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि रामेश्वर और मदुराई तीर्थ स्थान के लिए विशेष रेल 10 मार्च को सुबह 9 बजे रवाना होगी तथा 16 मार्च को वापस आएगी। इस तीर्थ यात्रा के लिए चयनित यात्रियों को रेल स्टेशन के सामने स्थित पार्वतीबाई धर्मशाला में 10 मार्च को सुबह 6 बजे से टिकट वितरण किए जाएंगे। सभी चयनित यात्री एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल वृद्धजनों से अपील की गई है कि वे अपना आधार पत्र और मतदाता परिचय पत्र की मूल प्रति के साथ धर्मशाला में निर्धारित समय पर उपस्थित हों।

## सार-समाचार

### महिला स्वर्णकार समाज ने मनाया फाग उत्सव

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** नगर में महिला स्वर्णकार समाज ने रंगपंचमी के पावन पर्व पर भव्य फाग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने गणेश जी की वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर कु. नमामि मयंक सोनी और




कु. आराध्या आदित्य सोनी ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद श्रीमती अनीता वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और राधा कृष्ण जी का छाया चित्र भेंट किया। समाज की बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसमें राधा कृष्ण के रूप में श्रीमती मंजू आशीष सोनी और श्रीमती निधि सुनील कुमार सोनी ने रासलीला की। फूलों की होली और गुलाल की होली के साथ महिलाओं ने जमकर मस्ती की। इस सफल आयोजन के लिए महिला नगर इकाई समिति की अध्यक्ष श्रीमती रानू विकास सोनी, प्रदेश अध्यक्ष अनिल सोनी और नगर अध्यक्ष विकास सोनी उपस्थित रहे।

### आध्यात्मिक मां नर्मदा परिक्रमा यात्रा



- नगर में आचार्य परसाई एवं परिक्रमावासियों का हुआ स्वागत

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** आचार्य सोमेश परसाई सानिध्य में नर्मदापुरम के सेठानी घाट से प्रारंभ हुई आध्यात्मिक मां नर्मदा परिक्रमा यात्रा 16 वें दिन रात्रि में सेमरी हरचंद पहुंची। जिसमें क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, भाजपा नेता राहुल सोलंकी व अन्य परिक्रमावासी शामिल थे। स्थानीय पीपल चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प बरसाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ने नर्मदा मैया की जयघोष के साथ सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर नर्मदा परिक्रमा के अपने अनुभव साझा किए। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक को श्री राम दरबार का चित्र भेंट किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल सेमरी हरचंद एवं कार्यकर्ता ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### रंग पंचमी पर नगर में निकली रंगयात्रा



- बाजार में घूमकर एक-दूसरे को लगाया गुलाल

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** रंगपंचमी के अवसर पर रविवार को नगर वासियों द्वारा रंग उत्सव रंगयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने शामिल होकर डीजे-बजे की धुन पर नाचते-गाते हुए जमकर गुलाल उड़ाई। रविवार सुबह 10 बजे के बाद नागरिकों की टोली ने शांतिपूर्वक पीपल चौक पर एकत्रित हुईं। इसके बाद पूरे ग्राम में भ्रमण कर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों के त्यौहार होली, रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी। रंग यात्रा का समापन नगर के खेड़ापति मंदिर पर हुआ।

# ग्राम मकोड़िया में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### तीन एकड़ की फसल जलकर खाक, डेढ से 2 लाख का नुकसान

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** क्षेत्र के ग्राम मकोड़िया में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में तीन एकड़ की फसल जलकर ख़ाक हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम मकोड़िया के बेलिस मसीह पिता जुएल मसीह के खेत में शॉर्ट सर्किट के कारण गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई।



ग्रामवासियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया। ग्राम के निवासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि वेलिस मसीह के खेत में अचानक आग लग गई। विनोद मसीह, अमरेश बाथव, रानू बाथव ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम मकोड़िया में एक खेत में अचानक आग लग गई। जिसकी सूचना ग्रामवासियों को मिली, जिसके बाद ग्रामवासी मौके पर पहुंचे और आज को बुझाने का प्रयास किया गया। पानी एवं झाड़ पेड़ों की झाड़ियां से आग बुझाने का प्रयास किया गया और मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। बताया गया कि लगभग तीन से चार एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाद हो चुकी है। जिससे किसान का लगभग डेढ लाख से 2 लाख तक का नुकसान बताया जा रहा है एवं ग्रामवासियों, फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझाने का कार्य किया। बिजली के तार अधिक नीचे होने के कारण खेत में खड़ी फसल में शाट सर्किट की वजह से आग लगने का कारण बताया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार सिवनी मालवा क्षेत्र में खेत में आग लगने की पहली घटना बताई जा रही है। अचानक अधिक गर्मी पड़ने एवं तापमान अधिक बढ़ने के कारण किसान चिंतित हैं। नर्मदापुरम जिले में गेहूं की कटाई का कार्य चालू है। आग लगने के कारण किसान बहुत ही दुखी है। किसान ने बताया कि अगर ग्रामवासी समय पर नहीं पहुंचते तो पूरा खेत जलकर खाद हो जाता। आसपास के किसानों की भी फसल अभी खेत में ही खड़ी है और कुछ जगह में गेहूं कटाई कार्य चालू है।



### नगर के गौरव का किया सम्मान

**अनोखा तीर, माखन नगर।** मां भारती के चरणों में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिखने के बाद अपने शहर माखननगर में प्रथम नगर आगमन पर नगरवासियों ने जवान का सम्मान किया। बताया गया कि नगर के गौरव क्षणिक रजक को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर पदस्थ होने के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर माखन स्मारक तक जुलुश के साथ लाया गया। जहां रस्ते में नगर वासियों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके परिजन व नगरवासी शामिल रहे।

### भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत, तीन गंभीर घायल

# तेज रफ्तार कार का कहर...

**अनोखा तीर, बुदनी।**

राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे वाहन से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में कार में सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार नर्मदापुरम से भोपाल की ओर जा रही थी। कार में सवार सभी लोग मंडीदीप के निवासी बताए जा रहे हैं।बताया गया कि हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायलों को 1033 एंबुलेंस की सहायता से



सिविल अस्पताल बुदनी पहुंचाया गया। जानकारी अनुसार हादसे में मनीष पिता हुकुमचंद वर्मा उम्र 36 साल निवासी वेदांत कॉलोनी मंडीदीप जिला रायसेन की मौत हो गई। जिसका पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं दीपेश पिता महेश शर्मा उम्र 36 साल निवासी बरेली जिला रायसेन गंभीर घायल को एम्स अस्पताल भोपाल रेफर किया गया। अन्य घायल में कृष्णकांत पिता हेमराज वर्मा उम्र 30 साल निवासी वेदांत कॉलोनी मंडीदीप जिला रायसेन एवं देवेन्द्र पिता धनराज विश्वकर्मा उम्र 35 साल निवासी शीतल सिटी मंडीदीप जिला रायसेन का बुदनी एवं नर्मदापुरम में उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी रवि शर्मा मौके पर पहुंचे और राहत कार्य का जायजा लेते हुए घायलों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था कराई। फिलहाल बुदनी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



### महिला दिवस पर किया विधिक साक्षरता शिविर

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** महिला दिवस पर सोमवार को मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर न्यायिक मजिस्ट्रेट तेज़दीप सिंह शासन प्रभारी अधिकारी तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर के मार्गदर्शन में पंचायत भवन में किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला बाल विकास कर्मियों की उपस्थिति रही। शिविर में न्यायिक अधिकारी तेज़दीप सिंह शासन सहित अधिवक्ताओं ने महिला अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धर्मसभा में शंकराचार्य अपमान मामले में जताया रोष

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** शहर में सोमवार को सनातन हिंदू समाज सोहागपुर द्वारा जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के गौ प्रतिष्ठा जन जागृति अभियान के समर्थन में धर्मसभा का आयोजन किया गया। सभा में कांग्रेस नेताओं तथा वक्ताओं ने जगतगुरु शंकराचार्य के साथ उत्तर प्रदेश में हुए अपमानजनक घटनाक्रम को लेकर सत्ता पर सवाल उठाए। सभा में कांग्रेस नेता जलज शर्मा ने कहा कि सत्ता अनीति से चलकर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी




अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरोध में कार्य कर रही है। कांग्रेस नेता यशवंत राजपूत ने कहा कि सत्ता वर्तमान में संतों का अपमान कर रही है। कांग्रेस नेता हरिशंकर चौधरी ने कहा कि वर्तमान में शंकराचार्य सुरक्षित नहीं, तो राष्ट्र कैसे सुरक्षित रहेगा। हरगोविंद पुर्विया ने कहा कि शंकराचार्य जी के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं, जिसका हम सनातनी विरोध करते हैं। विद्युलता आवटे ने कहा कि शंकराचार्य पर अत्यंत घृणित आरोप लगाए जा रहे हैं, जिसका हमें विरोध करना चाहिए। राहुल जायसवाल ने कहा कि राजनीति के चश्मे से धर्म को ना देखें तथा गौ प्रतिष्ठा के लिए एकजुटता से काम करें। पं. प्रकाश मुदगल ने कहा कि शंकराचार्य पर गलत इरादे से उंगली उठाने वाले लोग विधर्मी हैं। कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल ने कहा कि अपने आप को हिंदू कहने वाले लोग शंकराचार्य का अपमान कैसे सहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौशाला निर्माण के लिए सभी रेलवे मार्ग, सभी हाईवे, सभी नहरें, सभी नदियों के तटक्षेत्र सीमांकित किये जाएं, जहां गौशालाओं का निर्माण किया जा सकता है। पं. महेंद्र तिवारी ने मौनी अमावस्या को गंगा स्नान दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुए घटनाक्रम के साक्षी होने की बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिस ने संतों को मारा, शिखाएं खीचीं और जगद्गुरू शंकराचार्य जी से अभद्रता की। उन्होंने कहा कि इस अभद्रता के विरोध करने ढोंगी कथावाचक सामने नहीं आए। अन्य वक्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया। धर्म सभा के समापन उपरांत राष्ट्रपति के नाम सनातन हिंदू समाज सोहागपुर की ओर से विविध मांगों को लेकर आवेदन सौंपा गया।

### डॉ. खान एवं डॉ. यादव को मिला बेस्ट टीचर नेशनल अवॉर्ड

# शिक्षा में नवाचार और शोध की पहचान

**अनोखा तीर, माखन नगर।** समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए ज्ञानोदय होनॉरी डॉक्टरेट अवॉर्ड फाउंडेशन द्वारा एक समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीकमगढ़ के विधायक राकेश गिरी गोस्वामी उपस्थित रहे। साथ ही आनंद सिंह चीफ इंजीनियर, डॉ. सुनील पांडे एवं डॉ. महेश प्रसाद मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। ज्ञात हो कि फाउंडेशन द्वारा यह सम्मान पांच विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी कार्यों के लिए माखन नगर, जिला नर्मदापुरम के शिक्षाविद् डॉ. अमजद खान एवं डॉ. अशोक कुमार यादव को बेस्ट टीचर नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षकों ने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा के प्रति समर्पण, सतत शैक्षिक शोध, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षा पद्धति में नवीन प्रयोग और




नवाचार के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, नवचेतना और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा मिला है, जो अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

यह सम्मान समारोह सरदार वल्लभभाई पटेल पॉलीटेक्निक कॉलेज, भोपाल में आयोजित किया गया। इस उपलब्धि पर समाज, परिजन, स्नेहीजन एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों शिक्षाविदों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

### ऊमरखेड़ी में जगद्गुरु सतुआ बाबा का भव्य स्वागत

# नर्मदा परिक्रमा पथ पर आध्यात्मिक समागम

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।**

मां नर्मदा की पावन परिक्रमा के दौरान जगतगुरु विष्णु स्वामी मुख्य आचार्य पीठ एवं सतुआ बाबा आश्रम के संचालक संतोषदास (सतुआ बाबा महाराज) का क्षेत्र में आगमन हुआ। बाबा की विशाल यात्रा पिपरिया, सोहागपुर और सेमरी हरचंद के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए ग्राम ऊमरखेड़ी पहुंची। जहां भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान जगह-जगह संतों और महामंडलेश्वरों का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से महामंडलेश्वर बृज किशोर दास महाराज (बोरास) की उपस्थिति रही। काफिला जैसे ही सेमरी और आसपास के क्षेत्रों से गुजरा, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा और जयकारों के साथ संतों का जोरदार स्वागत किया। ग्राम ऊमरखेड़ी पहुंचने पर महाराज श्री ने एक विशाल धर्मसभा



#### आयोजन समिति और मार्गदर्शक मंडल

इस भव्य आयोजन के मार्गदर्शक के रूप में बालयोगी संत राम प्रियदास महाराज भानपुर, मंझले भैया समनापुर वाले, बाल संत भगवान दास जी महाराज रोकडिया हनुमान रेवा मुहारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में आयोजक समिति के शिव कुमार पटेल समाजसेवी, केशव पटेल, राज पटेल सहित समस्त ग्रामवासी की सक्रिय भूमिका निभाई। समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर संतों की अगवानी की और का प्रसाद ग्रहण किया।

को संबोधित किया। सत्संग दरबार में बाबा ने नर्मदा परिक्रमा की महत्ता बताते हुए उपस्थित जनसमूह को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु संतों के दर्शन और अमृत वचनों का लाभ लेने उमड़ पड़े।

# राज्यसभा में गूंजा नर्मदापुरम की बेटियों के स्वास्थ्य का मुद्दा

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम/नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम संभाग में किशोरियों के बीच बढ़ते एनीमिया और कुपोषण की स्थिति का मुद्दा राज्यसभा में उठाया गया। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने शून्यकाल के दौरान सदन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि क्षेत्र की बेटियों का स्वास्थ्य और उनका सुरक्षित भविष्य देश की प्राथमिकता होना चाहिए। सांसद ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों का



उल्लेख करते हुए बताया कि नर्मदापुरम संभाग में लगभग 55 से 60 प्रतिशत किशोरियां एनीमिया से पीड़ित हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'एनीमिया मुक्त भारत' और 'पोषण अभियान' जैसी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी तंत्र को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की आवश्यकता है।

उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि किशोरियों को मिलने वाले साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड सप्लीमेंट (डब्ल्यूआईएफए) तथा टेक-होम राशन (टीएचआर) की आपूर्ति व्यवस्था में आने

- एनीमिया उन्मूलन के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग

वाली बाधाओं को दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि आज किशोरियां स्वस्थ होंगी तो भविष्य में एक सशक्त समाज और सुरक्षित मातृत्व की मजबूत नींव रखी जा सकेगी। सांसद ने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि पोषण ट्रैकर और अन्य डिजिटल पहलों का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना जरूरी है। जागरूकता की कमी और स्थानीय स्तर की चुनौतियों के कारण कई बार पात्र किशोरियां इन योजनाओं का पूरा लाभ नहीं ले पातीं। उन्होंने सरकार के समक्ष कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे, जिनमें प्रमुख रूप से, जिला स्तर पर निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए। स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। पोषण अभियान के तहत पोषण सामग्री और दवाओं की आपूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाया जाए। सांसद द्वारा उठाए गए इस मुद्दे पर सदन ने विषय की गंभीरता को स्वीकार करते हुए इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।

### सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती कमला बाई सोनी का निधन, राजघाट पर अंतिम संस्कार



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** शहर के रसूलिया चंदन नगर क्षेत्र की निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती कमला बाई सोनी का रविवार शाम निधन हो गया। वे लगभग 90 वर्ष की थीं। उनके निधन की खबर से परिजनों सहित क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। श्रीमती सोनी धार्मिक प्रवृत्ति की, समाजसेवी तथा हंसमुख और मिलनसार स्वभाव की धनी थीं। उन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा शिक्षा और समाज सेवा के कार्यों में समर्पित किया। उनके निधन से शहर के शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति मानी जा रही है। परिजनों ने बताया कि सोमवार दोपहर उनका अंतिम संस्कार नर्मदापुरम के राजघाट में किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और रसूलिया क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा सोनी परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें इस दु :ख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।

### होली मिलन समारोह आयोजन संपन्न



**अनोखा तीर, माखननगर।** नगर की मनुष्य मिलन योग साधना समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को स्थानीय राधे राधे गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने मिलकर पुष्प गुलाल लगाकर होली खेली एवं एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजन में पतंजलि योग समिति, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य गण एवं नगर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

● भाजपा ने दिखाई कार्यकर्ताओ को संघ से जुडी वैचारिक यात्रा आधारित फिल्म शतक

# केशव की जय जय, माधव की जय जय से गुंजा सिनेमा हॉल



अनोखा तीर, बैतूल।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्षो की यात्रा पर बनी फिल्म शतक का निःशुल्क प्रदर्शन नगर के कांतिशिवा छविगृह में जिला भाजपा संगठन ने अपने कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के लिए आयोजित किया गया। फिल्म के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए बताया कि फिल्म का उददेश्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुडी गलत फेमियों आलोचनाओं और भ्रमो को ऐतिहासिक और तथ्यात्मक रूप से स्पष्ट करना है। फिल्म में संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेंवार एवं संघ के पहले सर संचालनक माधव सदाशिव गोलवलकर के नेतृत्व में हुए संगठनात्मक विस्तार और विस्तार को उजागर किया गया है।

फिल्म के दौरान मार्मिक दृश्यो के समय दर्शको ने केशव की जय जय, माधव की जय जय के साथ-साथ वंदे मातरम और भारत माता की जय के गगन चुंबी नारे लगाए। फिल्म के बाद दर्शको ने चर्चा में बताया कि फिल्म के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कि 100 वर्षो की यात्रा के संघर्षो को जानने का मौका मिला और राष्ट्र के सांस्कृतिक और समतापूर्ण समाज के लिए संघ की जरूरत के साथ साथ ऐसे तथ्य सामने आए है जिन्हे लंबे समय से देशवासियो को इन तथ्यो से वंचित रख भ्रम फैलाया गया था। फिल्म में बताया गया है कि कैसे व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के मंत्र को दोहराते हुए राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की 100 वर्षीय यात्रा आज भी अनवरत जारी है। फिल्म के दौरान भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित रहे।

## गेहूं के खेत में लगी आग, लाखों का गेहूं जला



**अनोखा तीर, खातेगांव।** ग्राम बिजलगांव में किसान लालचंद श्रीराम अग्रवाल के खेत में गेहूं की पक्की फसल में दोपहर 12:00 के करीब खेत में से निकल रही लाइन केटर हवा में टकराने से निकली चिंगारी से खेत में आग लग गई। आग लगने से खेत में गेहूं की फसल पूर्ण रूप से जलकर नष्ट हो गई। किसान के पुत्र ने बताया कि तार के टकराने से चिंगारी गिरी उसी के कारण आग लगी है चार एकड़ की भूमि पर गेहूं थे, आग के कारण पूरे गेहूं जल कर नष्ट हो गया।

किशन अग्रवाल ने प्रशासन को सूचना दी काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। किसानों ने अपने ट्रैक्टरों से खेत में रोटावेटर चला कर आग पर नियंत्रण पाया। दूरी अधिक होने के कारण फायरब्रिगेड के पहुंचने तक खेत में गेहूं जलकर नष्ट हो चुका था लाखों रुपए की फसल खेत में जलकर नष्ट हो गई।

## 15 मार्च से शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए हेलमेट अनिवार्य

● उल्लुंघन पर होगी चलानी कार्रवाई कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अनोखा तीर, बैतूल।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिए हैं कि 15 मार्च से जिले के सभी शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा, जबकि चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाना जरूरी होगा। निर्देशों का पालन नहीं करने पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा जुर्माने सहित आवश्यक चलानी कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों से हेलमेट के उपयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन कराएं। साथ ही अपने परिजनों और आम नागरिकों को भी हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में कलेक्टर ने मार्गों पर अतिक्रमण हटाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिए पहले से अनाउंसमेंट कराकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए खतरनाक मोड़ों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के निर्देश संबंधित सड़क विभाग को दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बडोरा मंडी क्षेत्र में ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग, ट्रैफिक पुलिस, नगरपालिका और राजस्व विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर उचित समाधान करने के निर्देश भी दिए।

## सार-समाचार

### वन विभाग के दल ने सागौन तस्करी करते हुए 08 लोगों को पकड़ा

● आरोपियों को 14 दिन के लिए न्यायिक अभीरक्षा के लिए उपजेल बागली भेजा

**अनोखा तीर, देवास।** उपवनमंडल अधिकारी अंकित जामोद ने बताया कि शनिवार की रात्रि में देवास वनमंडल अंतर्गत हरदा, खंडवा जिले के तस्करों द्वारा सागौन तस्करी किए जाने की सूचना मुखबिर द्वारा प्राप्त होने पर वन विभाग के दल द्वारा कार्रवाई कर एक महिंद्रा पिकअप वाहन में 08 लोगों के साथ सागौन के 05 नग लट्ठे जप्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार भारतीय वन अधिनियम, वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम एवं जैव विविधता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय बागली में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को 14 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा के लिए उपजेल बागली भेजा गया। कार्रवाई में वनपाल विजय मौर्य, मूलचंद भार्गव, तेजसिंह पवार सहित वनरक्षक नंदकिशोर सालित्रा, देवीसिंह भार्गव, विक्रम माली, नीरज पर्ते, तरुण गंगराड़े, सुखलाल मंडलोई, गिरधारलाल राठौर, हरिश परमार, सुरपाल वास्केल, मुकेश तंवर, मोहनलाल पंचोनिया, दुर्गाप्रसाद पवार, जगदीश सरोलिया, अर्पित शर्मा, दिनेश मौर्य शामिल थे।

### यूजीसी रोल बैक

आक्रोशित सवर्ण समाज ने सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, बैतूल।** सवर्ण समाज संगठन बैतूल ने यूजीसी के हाल ही में लागू किए गए नियमों के विरोध में सोमवार को प्रदर्शन किया। संगठन से जुड़े लोग पहले बैतूल ऑडिटोरियम में एकत्रित हुए। जहां सभा आयोजित कर नियमों पर चर्चा की गई। इसके बाद पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट



पहुंचकर राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर बैतूल को सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि सरकार ऐसे नियम लागू कर समाज को बांटने का प्रयास कर रही है। जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह राघव ने कहा कि इस काले कानून से सवर्ण समाज और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सहित अन्य वर्गों के बीच अनावश्यक तनाव की स्थिति बन सकती है। उन्होंने कहा कि समाज में सभी वर्गों के बीच आपसी भाईचारा बना रहना चाहिए। ज्ञापन में बताया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 15 जनवरी 2026 से उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के उद्देश्य से नए नियम लागू किए हैं। इन नियमों में कॉलेज और विश्वविद्यालयों में शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने, जातिगत उत्पीड़न के मामलों में कार्रवाई करने और संस्थानों की जवाबदेही तय करने जैसे प्रावधान किए गए हैं। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### सिंहस्थ को लेकर आवश्यक मार्गो और पार्किंग स्थलों का चयन करें: कलेक्टर श्री सूर्यवंशी

**अनोखा तीर, बैतूल।** शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप आगामी सिंहस्थ 2028 में महाराष्ट्र से बैतूल होते हुए उज्जैन जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि विशेष रूप से भोपाल और इंदौर मार्ग से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्गों का चयन, सूची तैयार करने तथा पार्किंग स्थलों के चयन की कार्यवाही आगामी दो दिनों में पूर्ण की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पार्किं ग स्थलों के चयन के दौरान रोशनी, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। अपने क्षेत्र में धर्मशाला, होटल्स और मैरिज लॉन इत्यादि की भी जानकारी संकलित की जाएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती प्रीति पटेल, यातायात प्रभारी गजेंद्र केन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक-दूसरे पर फटाखे फोडकर शांति व्यवस्था भंग करने वाले हुड़दंगियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**अनोखा तीर, देवास।** थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बीती रात सयाजी गेट के सामने भारत के टी-20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर आम जनता द्वारा मनाए जा रहे, जश्न के बीच में असामाजिक तत्वों के द्वारा एक-दूसरे के ऊपर फटाखे फोडकर शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया गया।

जिस पर थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर सीसीटीव्ही फुटैज के आधार पर आरोपियो को चिन्हित कर गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आदर्श पिता मुकेश पडियार उम्र 29 साल निवासी भेरूगढ़ देवास, नितिन पिता मदन लाल कुमावत उम्र 28 साल निवासी राजा रामनगर देवास, आदित्य गुप्ता पिता गोपाल गुप्ता 19 साल निवासी बालगढ़ देवास, आयुष पिता राकेश अहीर उम्र 23 साल निवासी शनि मंदिर देवास को गिरफ्तार किया है।

शेष बची नल जल योजनाओं को शीघ्र हैंडओवर कराएं

## जल संचय जनभागीदारी अभियान के तहत जल संरचनाओं के निर्माण के निर्देश

● नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिए जुर्माने की कार्यवाही



**अनोखा तीर, बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिए हैं कि जल संचय जनभागीदारी अभियान के तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण कराया जाए। सभी विभाग अपने जिला, ब्लॉक, तहसील सहित ग्राम स्तर तक के कार्यालयों में जहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण नहीं है, वहां निर्माण सुनिश्चित करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नल-जल योजनाओं के अंतर्गत हर घर जल सर्टिफाइड और हैंडओवर की कार्यवाही भी शीघ्र पूर्ण करे। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। नरवाई जलाने के प्रति जनजागरूकता के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शासन के निर्देशों के अनुरूप जनगणना के कार्यों को गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समयावधि पत्रों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागों को टीएल प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि टीएल प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लंबित टीएल प्रकरण पर 500 रुपए का अर्थदंड लगाया जाएगा तथा लोक सेवा गारंटी से जुड़े आवेदनों पर नियमानुसार अर्थदंड आरोपित कर राशि रेड क्रॉस मद में जमा कराई जाएगी। उन्होंने जनसुनवाई के लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा कर निराकृत प्रकरणों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा में सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ अमले को फील्ड में भेजकर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने उद्यानिकी, जल संसाधन विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा राजस्व विभाग को शिकायतों की गहन समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। तहसीलवार समीक्षा के दौरान बैतूल, प्रभात पट्टन, चिचोली और आठनेर के तहसीलदारों को शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीमांकन, नामांतरण और बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर सभी राजस्व अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने रबी उपार्जन की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पंजीकृत किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग अंतर्गत संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के बैंकों को प्रेषित सभी प्रकरणों का वितरण शीघ्र कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना तथा पीएम स्वनिधि योजना के लंबित प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत एवं वितरित कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट उपस्थित रहे।

## शब्दश्री सम्मान से सम्मानित हुए फिल्म गीतकार : मनोज दुबे

अनोखा तीर, कांटाफोड़।

संपूर्ण अंचल के नाम को अपने शिक्षकीय एवं साहित्यिक गतिविधियों से कई बार गौरवान्वित करने वाले शिक्षक एवं फिल्म रायटर ऐसोसिएशन मुंबई के सदस्य फिल्म गीतकार मनोज दुबे को शब्दश्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

संस्था केनी टॉक और शब्दाहुति प्रकाशन फरीदाबाद द्वारा अरिहंत कॉलेज इंदौर में आयोजित साहित्यकार अनिल सोनी के काव्य संग्रह मैं शब्द हूँ के विमोचन समारोह के अवसर पर यह सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मनोज दुबे ने अपनी काव्य यात्रा के संस्मरण सुनाते हुए अपने दो गीतों मेरी बेटी स्कूल जा रही हे.. और बहुत याद आती हे पापा तुम्हारी... का काव्य पाठ भी किया। कार्यक्रम में उस समय बहुत ही भावुक वातावरण बन गया ज़ब गीत सुनकर श्रोताओं की आंखों से आंसू बहने लगे। कार्यक्रम में पूर्व कलेक्टर आयएएस अधिकारी और साहित्यकार राजीव शर्मा, अरिहंत कॉलेज के मालिक जयंत कासलीवाल, उनकी बेटी और कॉलेज की चेयरमेन कविता कासलीवाल, सहायक संचालक पिवी एवं अ. कल्याण विभाग जिला इंदौर अनिल सोनी, मोटिवेशनल स्पीकर संतोष टैगोर, साहित्य मनीषी एवं चिंतक नरेंद्र गोड़, साहित्यकार अदिति अमित भदौरिया, कॉलेज परिवार से निर्मल शर्मा, संतोष



वर्मा सहित एवं अनेक वरिष्ट पत्रकार, जन प्रतिनिधि, वरिष्ट कवि, साहित्यकार, जन प्रतिनिधि, एवं साहित्य और संगीत जगत से जुडी कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद थीं। कार्यक्रम का संचालन अदिति सोनी ने किया।

## बिजली बिलों में राहत और कटौती बंद करने की मांग

**अनोखा तीर, देवास।** होली व रंगपंचमी के बाद से गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं और आने वाले दिनों में तापमान और बढने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में ग्रीष्म ऋतु के दौरान बिजली बिल की दरों में कटौती करने और अनावश्यक बिजली कटौती बंद करने की मांग उठने लगी है। इस संबंध में पूर्व महापौर एवं प्रदेश महामंत्री ठाकुर जयसिंह, पूर्व पार्षद दिनेश बैरागी, डॉ. महेंद्र सिंह ठाकुर, इंटक नेता कैलाश वर्मा, लाखन सिंह ठाकुर, सलीम, डॉ. रितेश शर्मा, पंकज वर्मा सहित अन्य लोगों ने सरकार से मांग की है कि गर्मी के दिनों में उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। ठाकुर जयसिंह ने कहा कि विद्युत मंडल वर्षभर उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल जारी करता रहता है। वहीं भाजपा सरकार आगामी माह में बिजली बिल की दरों में वृद्धि प्रस्तावित है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए, अन्यथा कांग्रेस इसका कड़ा विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि अपने आप को जनहितैषी बताने वाली भाजपा सरकार को बिजली बिल की दरों में कटौती कर उपभोक्ताओं को राहत देनी चाहिए और अनावश्यक बिजली कटौती भी बंद करनी चाहिए। साथ ही सुरक्षा निधि के नाम पर उपभोक्ताओं से ली जा रही राशि को भी बंद किया जाना चाहिए। घरों व दुकानों में शॉर्ट सर्किट से जले मीटरों के नाम पर भी अवैध वसूली की जा रही है, जिस पर भी रोक लगना चाहिए। गर्मी के दिनों में बिजली की खपत पहले ही बढ़ जाती है। ऐसे में भारी-भरकम बिजली बिल और बार-बार होने वाली बिजली कटौती से आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को इससे अधिक परेशानी होती है। इसलिए प्रशासन और बिजली विभाग को इस दिशा में गंभीरता से ध्यान देना चाहिए, ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में राहत मिल सके।

जीत पर गूंजे भारत माता की जय के नारे

## बुदनी में एलईडी स्क्रीन पर देखा भारत-न्यूजीलैंड फाइनल

अनोखा तीर, बुदनी।



रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले को लेकर नगर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। स्थानीय स्वामी विवेकानंद बस स्टैंड प्रांगण में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर क्रिकेट प्रेमियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर मैच का आनंद लेते नजर आए। नगर के युवा शक्ति क्लब और सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय के सहयोग से बस स्टैंड परिसर में एलईडी स्क्रीन लगाई गई थी, ताकि नगरवासी एक साथ मैच देख सकें। मैच के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस दौरान एसडीओपी रवि शर्मा और उप निरीक्षक संदीप जाट भी लोगों के बीच बैठकर मैच का आनंद लेते दिखाई दिए। जैसे-जैसे भारतीय टीम जीत की ओर बढ़ती गई, वैसे-वैसे दर्शकों का उत्साह भी चरम पर पहुंचता गया। हर चौके-छक्के और विकेट पर क्रिकेट प्रेमी तालियों और जयकारों से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते नजर आए। रात करीब 11 बजे तक बस स्टैंड चौराहे पर क्रिकेट प्रेमियों का भारी जमावड़ा लगा रहा। जैसे ही भारतीय टीम ने शानदार जीत दर्ज की, पूरा परिसर भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। लोगों ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### रंगपंचमी पर दिखा दिवाली जैसा माहौल

भारत-न्यूजीलैंड फाइनल के दौरान रंगपंचमी के दिन बुदनी में दिवाली जैसा माहौल देखने को मिला। हर विकेट और छक्के पर क्रिकेट प्रेमियों ने आतिशबाजी की। बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर युवा झूमते नजर आए। आसमान में पटाखों की रोशनी से पूरे नगर का वातावरण उत्सवमय हो गया और देर रात तक जीत का जश्न चलता रहा।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

### कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ



ही ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश राय, कांग्रेस राजनैतिक दल से मोहन सांई व भारतीय जनता पार्टी से देवीसिंह सांखला सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**अनोखा तीर, टिमरनी।** पत्नी की हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण थाना टिमरनी का है, जिसमें एफआईआर क्र. 58/25 धारा 103(1) बीएनएस के तहत 9 फरवरी 2025 को मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी



तेजा पिता गुल्लू ओझा, उम्र 36 वर्ष, निवासी लाइन पार टिमरनी ने अपनी पत्नी रीना, उम्र 32 वर्ष, के बिना बताए घर से कहीं चले जाने की बात को लेकर 9 फरवरी 2025 को उसके साथ मारपीट की और दरांती से प्राणघातक चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सभी साक्ष्य संकलित कर चालान पेश किया। मामले में विचारण पूर्ण होने के बाद जिला सत्र न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने आरोपी को दोषी पाते हुए उसे आजीवन कारावास तथा 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी एजीपी संजय गौर द्वारा की गई, जबकि मामले की विवेचना उप निरीक्षक उदयराम सिंह चौहान, थाना टिमरनी द्वारा की गई थी।



# फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी...

**प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं ने की पुष्प वर्षा**

## सर्व ब्राह्मण समाज संगठन ने हर्षोल्लास से मनाया फाग उत्सव





**अनोखा तीर, हरदा।**

सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा शनिवार रात को सीताराम मैरिज गार्डन में फाग महोत्सव मनाया गया। इस दौरान मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा फूलों की होली, बरसाना की लट्ठमार होली और नृत्य प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत राम रक्षा स्त्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ से हुई। इसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान परशुराम का पूजन किया गया। इस दौरान संत हनुमानदास महाराज, संत सीताराम दास, संत भरतदास चित्रकूट, संत विश्रामदास और संत अविरामदास विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगठन के मुख्य पदाधिकारियों, युवा एवं महिला टीम ने संतों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। वहीं कर्मकांडी सर्व ब्राह्मणों का भी स्वागत किया गया। युवा टीम के सदस्यों ने गुलाल लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने दिया। संचालन महामंत्री लोकेश शर्मा ने किया, जबकि अंत में आभार राजेंद्र शर्मा एवं दीपक शुक्ला ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित, संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, कोषाध्यक्ष गजानंद डाले, महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया, उपाध्यक्ष रोहित तिवारी, संयोजक नितेश बादर, नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला, युवा अध्यक्ष विवेक बादर, सुदीप मंडलोई, सचिव नवीन शर्मा, महिला अध्यक्ष विनीता राजोरिया, सचिव अदिति गुरु सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### शिक्षा एवं संस्कार परम आवश्यक: संत हनुमानदास

कार्यक्रम के दौरान संत हनुमानदास महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज को संगठित होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञानार्जन के साथ धर्म की रक्षा के लिए भी तत्पर रहना आवश्यक है। ब्राह्मण अपनी नई पीढ़ी को शिक्षा और संस्कार अवश्य दें तथा पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से दूर रखें। इस दौरान संत सीतारामदास ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम में कथावाचक पंडित विद्याधर उपाध्याय और कथावाचक पंडित श्यामसुंदर जोशी ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।

### फूलों की होली एवं लट्ठमार होली का श्रद्धालुओं ने लिया आनंद

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मथुरा-वृंदावन के कलाकारों की प्रस्तुति रही, जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी ने मयूर नृत्य करते हुए प्रवेश किया, दर्शकों ने उन पर जमकर पुष्प वर्षा की। श्री निधिवन डांस ग्रुप के कान्हा बने सुमित शिंदे और राधा बनी अंशिका शर्मा ने सभी का मन मोह लिया। डांस ग्रुप ने 'घर में पधारो गजानंद' गीत से प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके बाद 'कान्हा मोर पाने आयो', 'तो पे होरी में किशोरी रंग डारेगी', 'कन्हैया हर घड़ी तुम्हारी याद आती है' जैसे गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। 'श्याम चूड़ी बेचने आया' गीत पर सुहागन महिलाओं ने भगवान कृष्ण से चूड़ी ली। वहीं 'फूलों में सज रहे वृंदावन बिहारी' गीत पर भगवान कृष्ण और राधा रानी पर फूल बरसाकर होली खेली गई। इसके बाद बरसाना की विशेष लट्ठमार होली भी खेली गई, जिसमें गोपियों ने लट्ठ बरसाए। सुदामा चरित्र की प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं, जबकि 'छोटी-छोटी गैया, छोटे-छोटे ग्वाल' गीत पर बच्चों ने नंदी बने कलाकार के साथ नृत्य किया। कार्यक्रम के दौरान हरदा में मथुरा, वृंदावन और बरसाना की होली जैसा माहौल बन गया। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम का आनंद लिया। सफल आयोजन पर उत्सव प्रभारी मनीष व्यास और प्रशांत शर्मा का टीम द्वारा पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया।

**छीपाबड़ में आगजनी**

# लाखों की गेहूं की फसल राख

## विधायक दोगने मौके पर पहुंचे, नुकसानी का किया आंकलन



**अनोखा तीर, खिरकिया।**

हरदा-खंडवा मार्ग स्थित छीपाबड़ में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। आगजनी की इस घटना में लगभग 50 से 60 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सोमवार का दिन छीपाबड़ के किसानों के लिए बेहद दुखद रहा। घटना की सूचना मिलते ही हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने तत्काल मौके पर पहुंचे और किसानों के साथ मिलकर फसल नुकसान का जायजा लिया तथा उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक डॉ. दोगने ने मौके से ही जिला प्रशासन को घटना की जानकारी देते हुए हरदा कलेक्टर, आरआई तथा पटवारी को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर फसल नुकसान का सर्वे करने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि आगजनी की इस घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और प्रशासन को पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित किसानों की मदद सुनिश्चित करनी चाहिए।

विधायक डॉ. दोगने ने जिला प्रशासन से यह भी निवेदन किया कि फायर ब्रिगेड तथा ग्राम पंचायतों को विधायक निधि से उपलब्ध कराए गए फायर फाइटर टैंकरों को पूरी तरह सक्रिय और तैयार स्थिति में रखा जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके और बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सके। विधायक डॉ. दोगने ने कहा कि किसानों की फसल उनकी सालभर की मेहनत का परिणाम होती है, इसलिए प्रशासन को ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए किसानों को राहत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना चाहिए।

किसानों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि फसल नुकसान के भुगतान के लिए वे मुख्यमंत्री से भी बात कर रहे हैं। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर सोलंकी, लालू राजपूत, देवेंद्र राजपूत, गोल्डी कुशवाह और इमरान शेख उपस्थित थे।

### हरदा मुख्य डाकघर का आधार केंद्र जिले में अव्वल

**अब तक 4000 नागरिक उठा चुके हैं लाभ**

**अनोखा तीर, हरदा।** भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत संचालित हरदा मुख्य डाकघर का आधार केंद्र इस वित्तीय वर्ष में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के कारण जिले में प्रथम स्थान पर रहा है। शहर के बीचों-बीच स्थित होने और बेहतर प्रबंधन के कारण यहां अन्य केंद्रों की तुलना में सर्वाधिक आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने का कीर्तिमान स्थापित किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक मुख्य डाकघर के आधार केंद्र ने कुल 4 हजार आधार सेवाएं प्रदान की हैं।

इसमें विशेष रूप से 2500 नागरिकों के आधार अपडेट किए गए हैं तथा 1500 नए आधार कार्ड सफलतापूर्वक एनरोल किए गए हैं। यह केंद्र शहर के मध्य में स्थित होने के कारण आमजनों की पहुंच के लिए अत्यंत सुलभ है। यहां आधार कार्यों के लिए एक विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई है, जहां प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कार्य दिवसों में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इससे नागरिकों को अन्य निजी केंद्रों की तुलना में यहां आधार अपडेट कराना अधिक सरल और सुविधाजनक हो रहा है। डाक विभाग ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे आधार संबंधी सेवाओं के लिए परेशान न हों। नागरिक सीधे मुख्य डाकघर पहुँचकर शासकीय दरों पर अपना आधार अपडेट करा सकते हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी से निपटने के पर्याप्त इंतजाम नहीं

## -तहसील व जिला मुख्यालय पर निर्भर गांव




**अनोखा तीर, मसनगांव।**

ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में होने वाली आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए दमकल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण पंचायतें आज भी जिला एवं तहसील मुख्यालय पर निर्भर बनी हुई हैं। पंचायतों को विधायक और सांसद निधि से टैंकर तो उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन रखरखाव के अभाव में इन टैंकरों की हालत खराब होती जा रही है। मसनगांव पंचायत में पहले पांच टैंकर हुआ करते थे, जिनमें से दो खराब हो चुके हैं। एक टैंकर गांगला में खड़ा है और एक का उपयोग ग्रामीण अपने निजी कार्यों में कर रहे हैं। पिछले साल विधायक निधि से जो टैंकर मिला था, उसे पंचायत में इंजन लगाकर फायर ब्रिगेड के तौर पर खड़ा किया गया है, लेकिन ट्रैक्टर के अभाव में उसे कहीं लाने-ले जाने की व्यवस्था नहीं है। टैंकर को पानी भरकर एक जगह खड़ा कर दिया गया है, लेकिन इमरजेंसी के दौरान किसानों से ट्रैक्टर मांगकर ही उसे घटनास्थल तक ले जाना पड़ेगा। वर्तमान में खेती संबंधी कार्य चलने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अधिकतर खेती के काम में लगी हुई हैं। ऐसे में यदि कोई दुर्घटना होती है तो हरदा से फायर ब्रिगेड बुलाकर ही काम चलाना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा पिछले कई वर्षों से शासन से ग्रामीण क्षेत्रों में भी दमकल उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर दमकल की व्यवस्था की जानी चाहिए या चार-पांच पंचायतों को मिलाकर एक ट्रैक्टर उपलब्ध कराया जाए, जिससे आपात स्थिति में तुरंत घटनास्थल पर टैंकर पहुंचाया जा सके।

### कांकरिया पंचायत में भी टैंकरों की स्थिति खराब

ग्राम पंचायत कांकरिया में विधायक निधि से दो टैंकर दिए गए थे, जिनमें से एक की हालत खराब हो चुकी है। वहीं दूसरे टैंकर में इंजन की व्यवस्था नहीं होने से उसका उपयोग केवल सामान्य कार्यों में किया जा रहा है। अन्य ग्राम पंचायतों में भी टैंकर की सुविधा तो है, लेकिन ट्रैक्टर नहीं होने के कारण आगजनी के समय ग्रामीणों को नगर पालिका हरदा या खिरकिया से दमकल बुलानी पड़ती है। 10 से 20 किलोमीटर की दूरी होने के कारण कई बार दमकल देर से पहुंचती है और तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है। ग्राम के सचिन नंदलाल बघेल ने बताया कि गर्मी शुरू होते ही टैंकर में पानी भरकर रख दिया गया है। किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर ट्रैक्टर से टैंकर ले जाकर आगजनी की घटना पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पंचायत में ट्रैक्टर उपलब्ध कराने की मांग शासन से की गई है। यदि यह सुविधा मिलती है तो आसपास के अन्य गांवों को भी इसका लाभ मिल सकेगा।

# फसल में आग की घटना पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

## नुकसान का सही आंकलन कर राहत देने की मांग



**अनोखा तीर, हरदा।** खिरकिया क्षेत्र में खेतों में लगी आग की घटना को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए किसानों को राहत देने की मांग की है। मोहन सांई ने बताया कि खिरकिया में केवल एक ही फायर ब्रिगेड है और वह भी उस समय खराब थी। उन्होंने कहा कि जब जिला कलेक्टर से बात की गई, तब कलेक्टर द्वारा सिराली और हरदा से फायर ब्रिगेड भेजी गई, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर वे स्वयं हरदा से मौके पर पहुंच गए थे, लेकिन तब तक खिरकिया के जिम्मेदार अधिकारी वहां नहीं पहुंचे थे। बाद में अधिकारी पहुंचे भी तो सड़क पर ही खड़े रहे और खेत में नहीं गए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने सरकार से मांग की है कि किसानों की फसल के नुकसान का सही आंकलन कर प्रति एकड़ 60 हजार रुपए के हिसाब से राहत राशि दी जाए। साथ ही किसानों को बीमा क्लेम की राशि भी तत्काल प्रदान की जाए।

# आदतन नरवाई जलाने वालों पर लगेगा भारी अर्थदण्ड

## -हायर सेकण्ड्री के विद्यार्थियों को कृषि संकाय की सुविधा दिलाने की तैयारी

**अनोखा तीर, हरदा।**



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि विगत वर्ष नरवाई जलाने वालों की सूची तैयार की जाए एवं उनको नोटिस जारी किए जाएं। ऐसे व्यक्तियों को ताकीद किया जाए कि यदि इस वर्ष पुनः नरवाई जलायेंगे तो उन पर भारी अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिला मुख्यालय पर हायर सेकण्ड्री के विद्यार्थियों को कृषि संकाय की सुविधा दिलाने के लिये आवश्यक कार्यवाही करने के जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए।

नगरीय क्षेत्रों में मच्छरों के प्रकोप से निपटने के लिए रोस्टर बनाकर सभी वार्डों में फागिंग मशीन के माध्यम से धुआं छोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये अभी से पेयजल प्रबन्धन की तैयारी करने के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को पाबंद किया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा भी की गई।

साथ ही राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, राजस्व वसूली की स्थिति की भी कलेक्टर ने जानकारी ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व सुश्री रजनी वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### आईटीआई में युवा संगम रोजगार मेला 12 मार्च को

**अनोखा तीर, हरदा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था हरदा में प्रदेश एवं जिले के युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 मार्च 2026 गुरूवार को एक दिवसीय 'युवा संगम' रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के बेहतर अवसर प्रदान करना है।